RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच

मुकद्दस रमजान
इफ्तार शनिवार
06:40 PM
सहरी रविवार
04:52 AM

वर्ष : 26 | अंक : 98 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शनिवार, 30 मार्च, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

# चौ. चरण सिंह, नरसिम्हा राव, कर्पूरी ठाकुर व स्वामीनाथन को मरणोपरांत भारत रत्न

## पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भी दिया गया सम्मान







**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज भारत सरकार द्वारा चयनित पांच विभूतियों को भारत रत्न से सम्मानित किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज भारत के दो पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह को मरणोपरांत भारत रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया। इनके साथ भारत में हरित क्रांति के जनक कहे जाने वाले वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भी मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति ने देश के पूर्व उप-प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भी भारतरत्न से सम्मानित किया है। राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में लालकृष्ण आडवानी नहीं पहुंच पाए उन्हें कल उनके आवास पर जाकर भारतरत्न दिया जाएगा।

इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, कांग्रेस के (शेष पृष्ठ-4 पर)

## बच्चों से भरी कार डम्पर में घुसी, ड्राईवर व बच्चे की मौत







**गाजियाबाद (चेतना मंच)।** गाजियाबाद के थाना थाना रिपब्लिक क्रॉसिंग क्षेत्र के एनएच-9 पर विजयनगर के पास आज सुबह एक बड़ा हादसा हुआ है। एनएच-9 पर सुबह 6.30 बजे एक अर्टिगा कार डम्फर में घुस गई। कार में लगभग 11 बच्चे सवार थे। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। हादसा इतना भयंकर था कि आर्टिगा कार बुरी तरह चकनाचूर हो गई। कार को काटकर बच्चों को बाहर निकाला गया और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। ईलाज के दौरान कार चालक और एक बच्चे ने दम तोड़ दिया। हादसे में घायल बच्चों को गाजियाबाद के चार अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

गाजियाबाद कमिश्नरेट पुलिस के मुताबिक आज क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र के एनएन-9 पर विजयनगर के पास नीलम धर्मकांटे के सामने अमरोहा से बच्चों को लेकर आ रही एक अर्टिगा कार डम्फर में जा घुसी। अर्टिगा कार में अमरोहा में रहने वाले 11 बच्चे सवार थे बच्चे राजीव गांधी मेमोरियल पब्लिक स्कूल अमरोहा से दिल्ली के जामिया में पेपर देने जा रहे थे। इन बच्चों की उम्र 10 से 13 वर्ष बताई जा रही है। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## महिला के घर के बाहर हंगामा

**नोएडा (चेतना मंच)।** साथ पढ़ने वाले सहपाठी ने होली पर महिला के घर के बाहर जमकर हंगमा किया। महिला के पति ने जब इस बात का विरोध किया तो आरोपी ने गाली गलौज करते हुए हवाई फायरिंग की। इस घटना से महिला के परिजन दहशत में हैं। महिला ने आरोपी के खिलाफ थाना ईकोटेक-3 में मुकदमा दर्ज कराया है। मधुबन विहार कुलेसरा में रहने वाली आकांक्षा (काल्पनिक नाम) ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि इलाहाबास गांव निवासी आकाश बैरागी वर्ष 2017 में उसके साथ 11वीं कक्षा में पढ़ता था। आकाश बैरागी की शादी 5 साल पहले हो गई थी। होली के दिन आकाश बैरागी उसके घर के सामने आया और उधम मचाने लगा। उसके पति ने जब इस बात का विरोध किया तो आकाश बैरागी ने उसे तथा उसके पति को गालियां दी। इसके बाद वह हवाई फायरिंग कर जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। आकांक्षा के मुताबिक इस घटना के बाद से उनका पूरा परिवार दहशत में है। उन्होंने आशंका जताई कि आकाश बैरागी भविष्य में भी उनके परिवार को नुकसान पहुंचा सकता है थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपी की तलाश की जा रही है।

## गुजरात के छात्र ने नोएडा में की आत्महत्या

### बीमारी से तंग वृद्ध ने दी जान

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा में अलग-अलग स्थान पर बीटेक के छात्र तथा एक वृद्ध ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वृद्ध किडनी की बीमारी से ग्रसित थे और पिछले काफी समय से डिप्रेशन में चल रहे थे।

मूल रूप से अहमदाबाद निवासी (22 वर्षीय) रिदर्न बर्मन नोएडा की एक नामी यूनिवर्सिटी में बीटेक सेकंड ईयर का छात्र था। वह यूनिवर्सिटी के ही हॉस्टल में रहकर अपनी पढ़ाई कर रहा था। शुक्रवार की शाम को जब उसका रूममेट कमरे में पहुंचा तो रिदर्न बर्मन उसे फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। उसने तुरंत इसकी सूचना हॉस्टल वार्डन को दी ।मौके पर मौजूद छात्रों ने उसे फंदे से उतरा और उपचार के लिए अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की जानकारी मिलने पर थाना सेक्टर 126 पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मृतक के परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी गई है छात्र के मोबाइल फोन को कब्जे में लिया गया है। पुलिस मोबाइल फोन की जांच कर आत्महत्या के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

वहीं थाना सेक्टर 39 क्षेत्र के सेक्टर 107 स्थित ग्रेट वेन्यू सोसाइटी में रहने वाले (शेष पृष्ठ-4 पर)

## कांग्रेस का मशॉल जुलूस आज शाम

**नोएडा (चेतना मंच)।** केंद्र सरकार के इशारे पर आयकर विभाग द्वारा कांग्रेस पार्टी का उत्पीड़न किए जाने के विरोध में आज कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता शाम को मशॉल जुलूस निकालेंगे। यह जानकारी नोएडा महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष रामकुमार तंवर ने दी है।

उन्होंने कहा कि आज शाम को जिला तथा नोएडा महानगर इकाई द्वारा संयुक्त रूप से सूरजपुर में मशॉल जुलूस निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान केंद्र सरकार के इशारे पर आयकर विभाग तथा ईडी जैसी एजेंसी कांग्रेस पार्टी के नेताओं पर लगातार अत्याचार कर रही हैं। देश की जनता यह सब देख रही है। चुनाव में (शेष पृष्ठ-4 पर)

## शादी का दबाव बनाने पर धनंजय ने गला दबाकर की थी हत्या

**नोएडा (चेतना मंच)।** छिजारसी कॉलोनी में बीते दिनों हुई युवती की हत्या के मामले में थाना सेक्टर-63 पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने कबूल किया है कि उसने ही युवती की गला दबाकर हत्या की थी।

थाना प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि बीते 27 मार्च की रात्रि को सूचना मिली थी कि छिजारसी कॉलोनी में रहने वाले गढ़वार बलिया निवासी धनंजय ने एक युवती की गला दबाकर हत्या कर दी है। धनंजय ने ब्लेड से अपनी गर्दन पर वार कर खुद भी आत्महत्या का प्रयास किया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर (शेष पृष्ठ-4 पर)

## मुख्तार की मूछों पर बेटे ने आखिरी बार दिया ताव

### जनाजे में बेकाबू हुई भीड़, कब्रिस्तान में केवल परिवार के लोग रहे मौजूद



**गाजीपुर (एजेंसी)।** माफिया मुख्तार अंसारी का शव शनिवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मुहम्मदाबाद के कालीबाग कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। मुख्तार की कब्र उसके पिता सुभानउल्ला अंसारी व मां बेगम राबिया खातून की कब्र के समीप खोदी गई। मुख्तार के जनाजे में भारी संख्या में लोग उमड़े थे। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## महिला का मोबाइल लेकर भागा रैपीडो चालक

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** गंतव्य पर पहुंचने के लिए महिला को रैपीडो बाइक लेना भारी पड़ा। रैपीडो चालक महिला का मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गया। महिला के पति ने थाना फेस दो में मुकदमा दर्ज कराया है।

ग्रेटर नोएडा के अल्फा-2 में रहने वाले अनिल कुमार जैन ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उनकी पत्नी रेणु जैन ने नोएडा एक्सप्रेस हाईवे से एडवांट के लिए रैपीडो बाइक बुक की थी। रैपीडो बाइक चालक ने उनकी पत्नी को नोएडा के सेक्टर 93 में उतार दिया उनकी पत्नी रेणु जैन जब बाइक चालक को पैसे देने लगी तो वह उनके हाथ से मोबाइल फोन छीनकर भाग गयाी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और बाइक नंबर के आधार पर रैपीडो चालक की तलाश कर रही है।

## ट्रांसफार्मर से कीमती सामान चोरी

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना फेस-2 क्षेत्र के सेक्टर-85 स्थित एक कंपनी में रखें ट्रांसफार्मर से चोर कीमती सामान चोरी कर ले गए। कंपनी मालिक ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

सेक्टर-85 में प्रवेश कल्प प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मालिक होशियार सिंह ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उन्होंने नए कनेक्शन के लिए विद्युत ट्रांसफार्मर मंगाकर कंपनी में रखा था। 26 मार्च की सुबह उनके सुरक्षा गार्ड अभिषेक दुबे ने उन्हें बताया कि कंपनी में रखा ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त है और उसमें से कीमती सामान चोरी हो गया है। होशियार सिंह के मुताबिक ट्रांसफार्मर में लगे कोयल केबिन में अन्य सामान को चोरी कर ले गए हैं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## भाजपा शासन में ही सुरक्षित है व्यापारियों का हित: पंकज सिंह

### विधायक ने व्यापारियों से की चुनाव को लेकर चर्चा : विकास जैन




**नोएडा (चेतना मंच)।** लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र नोएडा के विधायक पंकज सिंह ने आज उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के बैनर तले व्यापारियों से मुलाक़ात की। सेक्टर-51 नोएडा स्थित सिटी प्राइड बैंकट में आज चुनाव पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

विधायक पंकज सिंह ने कहा कि हमारी सरकार व्यापारियों के हितों की सरकार है। पिछले दस वर्षों में मोदी जी के नेतृत्व में कई ऐतिहासिक व लोककल्याणकारी विकास कार्य किए हैं। (शेष-4 पर)

## कार की टक्कर से महिला की मौत

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र के रिलायंस पेट्रोल पंप के पास तेज गति में आ रही कार ने महिला को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई अस्पताल में उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

ग्राम खैरपुर गुर्जर में रहने वाले जगजीवन ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसकी पत्नी चांदनी घर से अरिहंत सोसायटी जा रही थी। रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने तेज रफ्तार में आ रही क्रेटा कार में लापरवाही से कार चलाकर उसकी पत्नी को टक्कर मार दी। इस हादसे में चांदनी को गंभीर चोट आई। दुर्घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। मौके पर इकट्ठा हुए राहगीर आरोपी की क्रेटा कार में चांदनी को लेकर नजदीक के अस्पताल पहुंचे। इस दौरान मौका पाकर क्रेटा कार चालक वाहन से फरार हो गया। उपचार के दौरान उसकी पत्नी चांदनी की मौत हो गई।

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर क्रेटा कार चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाकर दुर्घटना कर मृत्यु करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी वाहन चालक की तलाश कर रही है।

## गैंगस्टर को पुलिस ने दबोचा

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना रबूपुरा पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में वांछित चल रहे शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है इसके पास से एक तमंचा व कारतूस भी बरामद हुआ है।

थाना प्रभारी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि गैंगस्टर एक्ट में वांछित डिंपल उर्फ हेमंत शर्मा खेड़ा पुलिया पर खड़ा हुआ है और कहीं जाने की फिराक में है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने बताए स्थान पर छापा मार कर डिंपल उर्फ हेमंत शर्मा निवासी ग्राम म्याना को दबोच लिया तलाशी में इसके पास से एक तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए डिंपल ने दो माह पूर्व भीखनपुर गांव में एक व्यक्ति से विवाद हो जाने पर तमंचे से फायरिंग भी की थी इसके ऊपर कई मुकदमे दर्ज हैं और यह गैंगस्टर एक्ट के मामले में वांछित चल रहा था। पकड़े गए बदमाश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया है।



## कमजोर गठबंधन

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिस तरह विपक्षी दल एकजुट हुए थे और एक व्यापक आंदोलन की रणनीति बनी थी, उससे लगा था कि वह सत्तापक्ष के लिए बड़ी चुनौती साबित होगा। मगर अब जब चुनाव की घोषणा हो गई और नामांकन के पहले चरण की प्रक्रिया भी पूरी हो गई है, इस गठबंधन में त्वरा नजर नहीं आ रही है। खासकर सीटों के बंटवारे को लेकर गतिरोध पूरी तरह खत्म नहीं हो पाया है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश और हरियाणा में तो सीटों को लेकर पहले ही समझौता हो गया था, मगर बिहार में गतिरोध जारी था। अब काफी मंथन के बाद वहां समझौता हो पाया है। राष्ट्रीय जनता दल छब्बीस, कांग्रेस नौ और पांच सीटों पर वाम दल चुनाव लड़ेंगे। मगर अभी महाराष्ट्र का मामला लटका हुआ है। गठबंधन में नजर आ रही यह शिथिलता किसी रणनीति का हिस्सा नहीं मानी जा सकती। इसमें राजनीतिक दलों की अपनी स्थिति को लेकर हिचक अधिक समझ आती है। दरअसल, जिस जोशो-खरोश के साथ विपक्षी दलों ने मिल कर 'इंडिया' गठबंधन बनाया था, वह धीरे-धीरे कमजोर प ?ता गया। इस गठबंधन के अगुआ नीतीश कुमार खुद भाजपा के साथ जा मिले, फिर ममता बनर्जी ने अकेले चुनाव ल ?ने की घोषणा कर दी। इस तरह दलों के अलग-अलग रास्ता अपनाने से गठबंधन की जो कुछ रैलियां प्रस्तावित थीं, वे भी अभी तक नहीं हो पाई हैं। इससे यह भी जाहिर होता है कि सीटों के बंटवारे को लेकर जो फार्मूला पहले ही तय हो जाना चाहिए था, वह अभी तक अंतिम रूप नहीं ले पाया है, जिसकी वजह से ये अड़चनें बनी हुई हैं। माना जा रहा था कि गठबंधन के दल इस फार्मूले पर सहमत हो जाएंगे कि जिस सीट पर जिसकी जीत की उम्मीद अधिक है, उस पर उसी के प्रत्याशी को उतारा जाएगा। मगर शायद यह फार्मूला सर्वमान्य नहीं हो पाया। इसी वजह से कुछ सीटों को लेकर अभी तक खींचतान देखी जा रही है। इससे गठबंधन के बारे में गलत संदेश ही जा रहा है। सीटों के निर्धारण में जितनी देर होगी, उतना ही कम समय उन पर उतारे जाने वाले प्रत्याशियों को प्रचार के लिए मिल पाएगा। राजनीति में फैसलों के समय की भी बड़ी अहमियत होती है। सही समय पर फैसले नहीं लिए जाते, तो उसका फायदा आखिरकार विपक्षी दल को मिलता है। इसलिए गठबंधन दलों को अब ज्यादा समय तक सीटों के बंटवारे को लेकर हिचक पाले रखना या मंथन नहीं करना चाहिए। हालांकि कई बार रणनीति के तहत भी राजनीतिक दल ऐसा दिखाने के प्रयास करते हैं कि वे कमजोर या अनिर्णय की स्थिति में हैं। इस तरह वे प्रतिद्वंद्वी की चालों को भांपने का प्रयास करते हैं। मगर गठबंधन दल अब उस दौर से आगे निकल आए हैं। सत्तापक्ष ने ज्यादातर जगहों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। उसके सहयोगी दलों के साथ समीकरण भी स्पष्ट हैं। ऐसे में अब जरूरत है, तो विपक्षी गठबंधन दलों को अपने स्थानीय स्वार्थों और पार्टी नेताओं के दबाव से बाहर निकल कर सत्ता समर के लिए कमर कसने की। हालांकि गठबंधन के लिए इसे एक अच्छा संकेत माना जा सकता है कि सीटों के बंटवारे में देर जरूर हो रही है, पर अभी तक उनमें एकजुटता बनी हुई है। ऐसा कोई बड़ा विवाद या विद्रोह अभी तक नजर नहीं आया है। यह सत्तापक्ष के लिए अपने आप में किसी चुनौती से कम नहीं।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि ऐसा विवेक मन में रखना। फिर तुम्हारे लिए जगत में कुछ भी दुर्लभ न होगा। मेरा एक और भी आशीर्वाद है कि तुम्हारी सर्वत्र अबाध गति होगी (अर्थात तुम जहाँ जाना चाहोगे, वहीं बिना रोक-टोक के जा सकोगे)॥**

**उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**दो. सुनि सिव बचन हरषि गुर एवमस्तु इति भाषि।**
**मोहि प्रबोधि गयउ गृह संभु चरन उर राखि॥**

(आकाशवाणी के द्वारा) शिवजी के वचन सुनकर गुरुजी हर्षित होकर 'ऐसा ही हो' यह कहकर मुझे बहुत समझाकर और शिवजी के चरणों को हृदय में रखकर अपने घर गए॥

**प्रेरित काल बिंधि गिरि जाइ भयउँ मैं ब्याल।**
**पुनि प्रयास बिनु सो तनु तजेउँ गएँ कछु काल॥**

काल की प्रेरणा से मैं विन्ध्याचल में जाकर सर्प हुआ। फिर कुछ काल बीतने पर बिना ही परिश्रम (कष्ट) के मैंने वह शरीर त्याग दिया।

**जोइ तनु धरउँ तजउँ पुनि अनायास हरिजान।**
**जिमि नूतन पट पहिरइ नर परिहरइ पुरान॥**

हे हरिवाहन! मैं जो भी शरीर धारण करता, उसे बिना ही परिश्रम वैसे ही सुखपूर्वक त्याग देता था, जैसे मनुष्य पुराना वस्त्र त्याग देता है और नया पहिन लेता है॥

**सिवँ राखी श्रुति नीति अरु मैं नहिं पावा क्लेस।**
**एहि बिधि धरेउँ बिबिधि तनु ग्यान न गयउ खगेस॥**

शिवजी ने वेद की मर्यादा की रक्षा की और मैंने क्लेश भी नहीं पाया। इस प्रकार हे पक्षीराज! मैंने बहुत से शरीर धारण किए, पर मेरा ज्ञान नहीं गया॥

**त्रिजग देव नर जोइ तनु धरउँ। तहँ तहँ राम भजन अनुसरऊँ॥**
**एक सूल मोहि बिसर न काऊ। गुर कर कोमल सील सुभाऊ॥**

तिर्यक योनि (पशु-पक्षी), देवता या मनुष्य का, जो भी शरीर धारण करता, वहाँ-वहाँ (उस-उस शरीर में) मैं श्री रामजी का भजन जारी रखता। (इस प्रकार मैं सुखी हो गया), परंतु एक शूल मुझे बना रहा। गुरुजी का कोमल, सुशील स्वभाव मुझे कभी नहीं भूलता (अर्थात मैंने ऐसे कोमल स्वभाव दयालु गुरु का अपमान किया, यह दुःख मुझे सदा बना रहा)॥ (क्रमशः....)

# 47 वर्षों बाद फिर रायबरेली-अमेठी से गांधी परिवार को वनवास!

उत्तर प्रदेश में कांग्रेस 17 सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ेगी। सपा से समझौते के तहत कांग्रेस को यह सीटें मिली हैं। सपा और कांग्रेस इंडी गठबंधन का हिस्सा हैं, इसलिये जहां कांग्रेस चुनाव लड़ेगी उस सीट पर समाजवादी पार्टी का प्रत्याशी नहीं होगा। कांग्रेस को 2019 के लोकसभा चुनाव में यूपी से एक सीट जीतने में सफलता मिली थी और पूरे प्रदेश में उसका वोट मात्र दो फीसदी के करीब था। 2019 से आज तक कांग्रेस की स्थिति में कोई सुधार नहीं आया है, बल्कि गिरावट ही देखने को मिली है। कांग्रेस की हालत इतनी दयनीय है कि गांधी परिवार तक यूपी से चुनाव लड़ने की ताकत नहीं जुटा पा रहा है। 2019 में राहुल गांधी अमेठी हार गये थे तो 2024 में सोनिया गांधी ने अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली को टाटा- बाय-बाय कह दिया है। वह राज्यसभा की सदस्य बन गई हैं। अमेठी और रायबरेली में कांग्रेस की आज जैसी दयनीय स्थिति 47 वर्ष पूर्व 1977 में देखने को मिली थी, जब इमरजेंसी के बाद हुए लोकसभा चुनाव में रायबेरली से तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को समाजवादी राजनारायण सिंह से और अमेठी से संजय गांधी को हार का मुंह देखना पड़ा था। 1977 और 2024 के आम चुनाव में बस अंतर इतना है कि 1977 में गांधी परिवार की तानाशाही के चलते वोटरों ने उसको ठुकरा दिया था,लेकिन 47 वर्षो के बाद 2024 में गांधी परिवार को विश्वसनीयता के संकट के कारण रायबरेली-अमेठी से दूर भागना पड़ रहा है।

गौरतलब हो, रायबरेली और अमेठी का नाम आते ही गांधी परिवार की चर्चा सबसे पहले शुरू होती है। असल में यहां की राजनीतिक तस्वीर गांधी परिवार के इर्दगिर्द घूमती रही है तो यहां की जनता ने गांधी को गांधी से लड़ते हुए भी देखा है। यहां पर दो बार गांधी परिवार के बीच ही मुकाबला हो चुका है। हैरानी की बात तो यह है कि दोनों बार विरासत एक बड़ा मुद्दा था। पहले चुनाव में वारिस कौन तो दूसरे चुनाव में असली गांधी कौन की गूंज। यह बात अलग है कि दोनों चुनावों में शिकस्त खाने वाले गांधी ने दोबारा से अमेठी की तरफ घूमकर भी नहीं देखा। वर्ष 1980 में संजय गांधी ने




**गौरतलब हो, रायबरेली और अमेठी का नाम आते ही गांधी परिवार की चर्चा सबसे पहले शुरू होती है। असल में यहां की राजनीतिक तस्वीर गांधी परिवार के इर्दगिर्द घूमती रही है तो यहां की जनता ने गांधी को गांधी से लड़ते हुए भी देखा है। यहां पर दो बार गांधी परिवार के बीच ही मुकाबला हो चुका है।**


यहां से पहली बार जीत दर्ज की। उसी साल विमान हादसे में उनकी मौत के बाद 1981 में हुए उपचुनाव में राजीव गांधी मैदान में उतरे। यहां से उन्होंने अपनी राजनीतिक पारी शुरू की। इसके बाद सियासत ने रंग दिखाना शुरू कर दिया। वर्ष 1984 का चुनाव उस वक्त दिलचस्प हो गया जब कांग्रेस के राजीव गांधी के सामने उनके स्वर्गीय छोटे भाई संजय गांधी की पत्नी मेनका गांधी ने निर्दल प्रत्याशी के तौर पर मोर्चा खोल दिया। 1984 में राजीव गांधी के खिलाफ मैदान में उतरने वाली मेनका गांधी ने 1982 से ही अमेठी में सक्रियता बढ़ा दी थी। ऐसे में जब वह 1984 में चुनाव में उतरीं तो अमेठी की जनता उलझन में पड़ गई। एक ओर इंदिरा की हत्या के बाद जनता की सहानुभूति राजीव गांधी के साथ थी तो वहीं दूसरी ओर अमेठी के सांसद रहे संजय गांधी की विधवा मेनका गांधी के प्रति आत्मीय लगाव, लेकिन बाजी राजीव ने ही मारी। वर्ष 1984 में राजीव गांधी को प्रचार के लिए पहली बार सोनिया गांधी को मैदान में उतारना पड़ा। हालांकि उस वक्त सोनिया ने कोई सभा तो नहीं की, लेकिन वह घर-घर जाकर महिलाओं से मिल रही थीं। पूरे चुनाव तक उन्होंने ही प्रचार की बागडोर संभाली।

दूसरा मुकाबला वर्ष 1989 में हुआ, जब कांग्रेस के राजीव गांधी के सामने महात्मा गांधी के पौत्र राजमोहन गांधी ने ताल ठोंक दी। उस वक्त जनता दल व भाजपा ने संयुक्त रूप से राजमोहन गांधी पर भरोसा जताया था। इस चुनाव में असली बनाम नकली गांधी का मुद्दा खूब उछला। कई बड़े दिग्गज नेताओं ने सभा की। आरोप प्रत्यारोप के खूब शब्दवाण चले, लेकिन अमेठी की जनता ने एक बार फिर राजीव गांधी का साथ दिया, लेकिन इससे उलट आज अमेठी-रायबरेली में गांधी परिवार की स्थिति काफी दयनीय हो गई है। 1977 से लेकर अब तक यह पहला मौका है, जब कांग्रेस टिकट को लेकर उलझन में है। अमेठी से 2019 के चुनाव में शिकस्त खाने के बाद राहुल गांधी को दोबारा से मैदान में उतारने के लिए कांग्रेसी लगातार पैरवी कर रहे हैं, लेकिन हार के डर से राहुल अमेठी से चुनाव लड़ने की ताकत नहीं जुटा पा रही है। अमेठी से राहुल गांधी को चुनाव ल ?ने की इच्छा लिये अमेठी के कांग्रेसी दिल्ली तक की दौड़ भी लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिल पा रहा है। यही स्थिति रायबरेली की भी है। बता दें अमेठी और रायबरेली में पांचवें चरण में मतदान होना है।

**- अजय कुमार**

## व्यंग्य: प्रसिद्धि और नग्नता

हम पैदा नंगे होते हैं लेकिन अभिभावक पहले से ही मनपसंद कपडे खरीद कर रखते हैं। वह बात अलग है कि किसी के नसीब में सामान्य कपडे होते हैं तो किसी नसीब में डिजाइनर। बच्चा घर के माहौल, पारिवारिक अर्थ व्यवस्था और माता पिता की रूचि अनुसार कपडे पहनना शुरू कर लेता है। बड़ा होते-होते मातापिता पूछते हैं कि उसे कौन सी ड्रेस पसंद है। मेहनत और भाग्य के मिश्रण से अगर प्रसिद्ध हो जाए तो कई क्षेत्र ऐसे हैं जहां उसे नंगा होना पड़ सकता है। यह एक राष्ट्रीय ही नहीं अंतर्राष्ट्रीय शर्त है, जहां प्रसिद्धि वहां नग्नता। वह बात अलग है कि कपडे पहन कर भी नंगा हुआ जा सकता है। कई बार महंगे से महंगे कपडे पहने होते हैं लेकिन दूसरों को नंगा लगता है।



राजनीति एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें हर कोई नेता अपने हिसाब से नंगा होता है। कुछ नेता बड़े सलीके से नंगे होते हैं और ईमानदारी से मान लेते हैं कि वह नंगे हैं। दूसरे ऐसे भी हैं जो बेपरवाह होकर नंगे हो जाते हैं और शोर मचा देते हैं देखो देखो ..... मैं अपना स्वार्थ पूरा करने के लिए नंगा हो गया हूं। कुछ ऐसे हैं जो दूसरों को नंगा करने की फिराक में रहते हैं और उनके वस्त्र खुद पहन कर उन जैसा होना चाहते हैं लेकिन मानते नहीं कि वे दूसरों को नंगा करते फिरते हैं। कुछ नेता इतने शालीन तरीके से नंगे होते रहते हैं कि सेलिब्रिटी हो जाते हैं। अलग किस्म के ऐसे नेता भी हैं जो मशहूर होने के बाद नंगे होने लगते हैं। कम प्रसिद्ध नेता, उनसे प्रेरणा पाकर नंगे होने की कोचिंग लेते हैं और कई बार तो उनसे बेहतर अंदाज में नंगे होकर दिखाते हैं। कह सकते हैं कि उनको पीछे छोड़ जाते हैं। चुनाव के मौसम में तो सब एक दूसरे को कई तरह से नंगा करने की ताबड़तोड़ कोशिश में रहते ही हैं। हैरानी की बात है महिलाएं भी ऐसा करने लगती है।

खास अंदाज में नंगा होने का रुझान आजकल उभरते और प्रसिद्ध कलाकारों में बहुत है। मजेदार यह है कि कई स्थापित हीरो पूरे नंगे हो चुके हैं। इस प्रतियोगिता में फिल्मी तारिकाओं से लेकर टीवी कलाकार, युवतियां, गृहणियां और प्रौढ़ महिलाएं तक शामिल हैं। वे इसे धार्मिक कार्य की तरह करती हैं। एक बार मिली जिंदगी को शायद वे एक उत्सव की तरह अर्धनग्न होकर मनाना चाहती हैं। वह बात अलग है कि उनकी इस संतुष्टि में फूहड़ता भी नाचती दिखती है।

इस सब की प्रेरणा फैशन और ग्लैमर की दुनिया में सफल होने या रहने को बेताब अनेक प्रसिद्ध व्यक्तित्व हैं। जिन्होंने अपने शरीर को स्वादिष्ट नॉन वैज डिश की तरह पेश करना शुरू कर रखा है। वह बात अलग नहीं है कि उनकी इन अदाओं से बेशर्मी भी शर्मशार हो चुकी है। उनकी निजी स्वतंत्रता ने पैसा और प्रसिद्धि पाने की इच्छा को जैसे कैसे सफल बनाकर एक नैतिक और सामाजिक अपराध में बदल दिया है।

प्रसिद्धि को भी पता है अगर कपड़े पहनकर इठलाती रही तो कोई उसे ज्यादा देर देखेगा नहीं क्यूंकि वक्त नंगे हो जाने का है।

**- संतोष उत्सुक**

*"इस सब की प्रेरणा फैशन और ग्लैमर की दुनिया में सफल होने या रहने को बेताब अनेक प्रसिद्ध व्यक्तित्व हैं। जिन्होंने अपने शरीर को स्वादिष्ट नॉन वैज डिश की तरह पेश करना शुरू कर रखा है। वह बात अलग नहीं है कि उनकी इन अदाओं से बेशर्मी भी शर्मशार हो चुकी है।"*

## राशिफल

चैत्र कृष्ण : पंचमी (विक्रम संवत् 2080)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)** फिजूल के खर्चे होंगे, लेकिन व्यावसायिक सफलता भी मिलेगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)** भाग्य साथ देगा। रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा। यात्रा में लाभ होगा। स्वास्थ्य अच्छा है। प्रेम, संतान बहुत अच्छा है।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)** परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। बहुत बचकर पार करें। चोट-चपेट लग सकती है। प्रेम, संतान अच्छा है।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)** प्रेम विवाह के प्रबल योग बन रहे हैं। नौकरी-चाकरी की स्थिति बहुत अच्छी है। स्वास्थ्य में सुधार।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)** शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे। रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा। बुजुर्गों का आर्शावाद मिलेगा। स्वास्थ्य अच्छा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)** मन भावुक बना रहेगा। क्रोध पर काबू रखें। लिखने-पढ़ने में समय व्यतीत करें। स्वास्थ्य ठीक-ठाक।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)** व्यावसायिक स्थिति बहुत सुदृढ़ है। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम, संतान बहुत अच्छा। व्यापार बहुत अच्छा।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)** समाज में सराहे जाएंगे। आकर्षण के केंद्र बने रहेंगे। रौब और रुआब आप के अंदर देखा जा रहा है।


**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)** खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। स्वास्थ्य नरम-गरम। प्रेम, संतान बहुत अच्छा। व्यापार भी बहुत अच्छा है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)** आर्थिक मामले सुलझेंगे। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। यात्रा में लाभ होगा। स्वास्थ्य अच्छा। प्रेम, संतान अच्छा।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)** खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। चिंताकारी सृष्टि का सृजन हो रहा है। स्वास्थ्य नरम-गरम। प्रेम, संतान ठीक-ठाक।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)** आपको जल्द शुभ समाचार मिलेगा। आप धार्मिक कार्यों में मन लगाएं अति उत्तम होगा।

# लोकसभा चुनाव पूरी ताकत के साथ लड़ेगी सपा : डा. नागर



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** समाजवादी पार्टी एवं आईएनडीआईए गठबंधन के प्रत्याशी डॉ महेन्द्र नागर ने कहा कि गौतमबुद्धनगर लोकसभा सीट पर आईएनडीआईए गठबंधन पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी।

इस मौके पर मुख्य रूप से वरिष्ठ नेता राहुल अवाना, राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भाटी, लोकसभा प्रभारी वीर सिंह यादव, सपा महानगर अध्यक्ष आश्रय गुप्ता, कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष रामकुमार तंवर, आम आदमी पार्टी महासचिव राकेश अवाना, विवेक शर्मा, फकीर चंद नागर, इंदर प्रधान, सुनील चौधरी, गजराज नागर, नरेंद्र नागर, सुनील देवटा, सुधीर तोमर, कृशान्त भाटी, राजेश रोही, महेश भाटी, लोकेश जनमेदा, अमित भाटी, रोहित मत्ते गुर्जर, दीपक नागर, मोहित यादव, अक्षय सिंह भाटी, शैलेंद्र भाटी, दिगंबर सिंह, कवित गुर्जर, कुलदीप भाटी हैप्पी पंडित, सागर शर्मा, बबली भाटी आदि मौजूद रहे।

# भोलानाथ कुशवाहा 'एकेडेमी सम्मान-2024' से अलंकृत

## हिन्दुस्तानी एकेडेमी प्रयागराज के सभागार में हुए सम्मानित

**मिर्जापुर ( चेतना मंच )।** नगर के वरिष्ठ साहित्यकार भोलानाथ कुशवाहा को उनकी उत्कृष्ट साहित्यिक उपलब्धियों के लिए हिन्दुस्तानी एकेडेमी प्रयागराज ने अपने स्थापना दिवस पर आयोजित एक भव्य समारोह में 'एकेडेमी सम्मान-2024' से सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें मुख्य अतिथि माननीय न्यायमूर्ति मेंबर ज्यूडिशियल श्री विनोद कुमार ओझा, प्रमुख सचिव, भाषा कार्यकारी अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार व देवेन्द्र प्रताप सिंह, सचिव एकेडेमी के हाथों प्राप्त हुआ।

ज्ञात हो कि श्री कुशवाहा की हिंदी में विविध विधाओं की अब तक नौ पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं।जिनमे कविता, कहानी, नाटक,दोहा, हाइकु, नवगीत शामिल हैं। उनका बालगीत संग्रह %बन्दर आया-बन्दर आया% शीघ्र प्रकाशित होने वाला। वह इन दिनों अपने एकांकी संग्रह की तैयारी में लगे हैं।

अपने उम्र के 74वें वर्ष के नजदीक पहुँच रहे बाँकेलाल टंडन की गली, वासलीगंज निवासी भोलानाथ कुशवाहा साहित्य के लिए पूरी तरह समर्पित हैं। साहित्य लेखन के लिए उन्हें लगातार सम्मानित किया जाता रहा है। उन्हें उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान लखनऊ का मोहन राकेश सर्जना पुरस्कार,जयपुर का राजेंद्र बोहरा स्मृति काव्य सम्मान, साहित्यिक संघ वाराणसी (सोच विचार पत्रिका) का सेवक साहित्य श्री सम्मान, शहर समता विचार मंच का कन्हैया लाल स्मृति साहित्य सम्मान, गोंडा की पूर्वापर पत्रिका का साहित्य श्री सम्मान, भारत विकास परिषद भदोही का शिव चंद कोठारी साहित्य रत्न सम्मान, वर्ड लिटरेरी फोरम पीस एण्ड ह्यूमन राइट्स का नेशनल अम्बेडकर आफ पीस सम्मान, विश्व हिंदी संस्थान कनाडा का सार्वभौमिक साहित्यकार सम्मान आदि मिलें हैं।

श्री कुशवाहा को एकेडेमी सम्मान मिलने पर कवियों व शायरों ने बधाई दी है। बधाई देने




वालों में अनुज प्रताप सिंह, वृजदेव पांडेय, प्रमोद कुमार सुमन, गणेश गंभीर, प्रो रेनूरानी सिंह, डॉ वंदना मिश्रा, रमाशंकर शुक्ल,लल्लू तिवारी, अरविंद अवस्थी,केदार नाथ सविता, शुभम श्रीवास्तव ओम, डॉ अनुराधा ओस, आनन्द अमित, डॉ सुधा सिंह, सारिका चौरसिया, नन्दिनी वर्मा, इला जायसवाल, जफर मिर्जापुरी, मुहिम मिर्जापुरी, खुर्शीद भारती आदि हैं।

# जेपी अमन में तीन घंटे बाधित रही विद्युत आपूर्ति

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-151 स्थित जेपी अमन सोसाइटी में कल 3 घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रही।

जेपी के मेंटेनेंस का पहले पेटीएम से भुगतान होता था लेकिन अब पेटीएम से भुगतान नहीं होता है। इसलिए लोग रखरखाव भुगतान नहीं कर पा रहे हैं और बिल्डर उसका फायदा उठाकर लोगों को परेशान कर रहा है। जेपी अमन के निवासी एवं भाजपा नेता योगेश सिंह ने बिल्डर पर लोगों को परेशान करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि बिल्डर की मनमानी चरम पर पहुंच गयी है। उन्होंने मामले में डीएम से हस्तक्षेप की मांग की है।

# भाजपा जीत की ओर अग्रसर : प्रणीत



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )। भारतीय जनता पार्टी के प्रथम जिला अध्यक्ष रहे एवं गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र के संयोजक प्रणीत भाटी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव में जीत की ओर अग्रसर है।**

**उन्होंने कहा कि पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी का डंका बज रहा है और प्रधानमंत्री एक बार फिर से जीत के साथ केंद्र में सरकार बनाने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूरे देश में विपक्ष की हवा पूरी तरह से निकल चुकी है और जनता भारतीय जनता पार्टी को विजयश्री दिलाने के लिए संकल्प ले चुकी है।**



**भारतीय किसान यूनियन ( बलराज ) संगठन के बैनर तले अनिश्चित कालीन धरना सेक्टर-142 नोएडा शहदरा गांव में आज 44वें दिन भी जारी रहा।**

# धरनास्थल पर सोमवार को आएगी प्राधिकरण की टीम

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-142 स्थित शाहदरा गांव में चल रहे भारतीय किसान यूनियन बलराज का धरना आज भी जारी रहा।

सर्वविदित हो कि शहदरा गांव निवासी हातिम सिंह भाटी की मार्केट तोड़े जाने की विरोध में गत 1 महीने से धरना चल रहा है। धरनास्थल पर नोएडा प्राधिकरण की टीम सर्वे करने के लिए अब सोमवार को आएगी इसके पहले टीम 28 मार्च को आनी थी। लेकिन किसी कारणवश टीम ने अब सोमवार को आएगी। सोमवार को नोएडा प्राधिकरण की टीम धरना स्थल पर पहुंचकर मौके पर जमीन की नाप तौलकर उसका निस्तारण करेगी।



यह जानकारी यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष हातिम सिंह भाटी ने दी है। उन्होंने बताया कि पूरे एचडी के निर्देश पर एक टीम का गठन किया गया है जो मौके का दौरा कर वहां पर जमीनों का नापतौल करने का काम करेगी।

# आज नहीं, अब 1 अप्रैल को आएंगे योगी आदित्यनाथ

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा (गौतमबुद्धनगर) लोकसभा क्षेत्र के नागरिकों से भाजपा से



प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा के लिए वोट मांगने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 1 अप्रैल को आएंगे। इससे पहले सीएम योगी का नोएडा की जनता से वोट मांगने का कार्यक्रम 30 मार्च को था। इस कार्यक्रम में बदलाव किया गया है।

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 30 मार्च को ग्रेटर नोएडा में आने वाले थे। अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 30 मार्च की बजाय 1 अप्रैल को आएंगे। कार्यक्रम में बदलाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 31 मार्च को मेरठ में होने वाली जनसभा के कारण किया गया है। श्री मावी ने बताया कि ग्रेटर नोएडा के जीएल बजाज कॉलिज में सीएम योगी भारतीय जनता पार्टी के प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

इस सम्मेलन में समाज के हर वर्ग, शिक्षक, वकील, डाक्टर, इंजीनियर तथा पत्रकार भाग लेंगे। इस प्रबुद्ध सम्मेलन में सीएम योगी भाजपा की नीति तथा रीति का विस्तार से वर्णन करके भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक वोट डालने का अनुरोध करेंगे। मुख्यमंत्री योगी के इस कार्यक्रम की तैयारी के लिए नोएडा तथा ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के नेता सक्रिय हो गए हैं। बताया जा रहा है कि प्रबुद्ध सम्मेलन में ग्रेटर नोएडा के साथ ही साथ पूरे गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों को बुलाया गया है। बड़ी संख्या में प्रबुद्ध नागरिक भाजपा के प्रबुद्ध सम्मेलन में भाग लेंगे।

भारतीय जनता पार्टी के नोएडा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम की केवल तारीख बदली गई है। बाकी कार्यक्रम ज्यौं का त्यौं रहेगा।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com




# परमात्मा की सर्वश्रेष्ठ कृति मानव योनि : सुचिषद् मुनि

**गाजियाबाद ( चेतना मंच )।** आर्य समाज लाजपतनगर साहिबाबाद के 35वें



त्रिदिवसीय वार्षिकोत्सव का भव्य शुभारंभ प्रभात फेरी,यज्ञ एवं महर्षि दयानंद सरस्वती का यशोगाथा से किया गया।

प्रभातफेरी को केन्द्रीय आर्य युवक परिषद उत्तर प्रदेश के प्रांतीय महामंत्री प्रवीण आर्य ने ओ3म् ध्वज दिखाकर प्रारंभ किया।निकटवर्ती आर्य समाज के आर्य प्रतिनिधियों ने बढ़चढ़ भाग लिया। भगवा ध्वज लिए आर्य वीरों ने प्रभात फेरी में आर्य समाज अमर रहे। ऋषि दयानंद की जय के गगन भेदी नारों का गुंजार कर ऋषि द्वारा प्रतिपादित वेद मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। डा. विष्णुदत्त आर्य के ब्रह्मत्व में यज्ञ किया गया। मुख्य यज्ञमान श्रीमती एवं श्री राम निवास शर्मा रहे। उन्होंने यज्ञमानों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद एवं सफल जीवन की प्रार्थना प्रभु से की। स्थानीय पार्षद प्रमोद राघव ने ओ3म ध्वजा फहरा कर समारोह को आरंभ किया।

मेरठ से पधारे सुप्रसिद्ध भजनोपदेशक पण्डित कुलदीप आर्य एवं साथी कलाकारों ने साज बाज पर ईश भक्ति एवं महर्षि दयानन्द सरस्वती का यशोगान गीतों के माध्यम से किया जिसे सुन कर श्रोता भाव विभोर हो गए।

मुख्य वक्ता शुचिषद् मुनि ने बताया कि मानव के शरीर में कुछ कार्य ऐसे हैं जो कार्य किसी भी अन्य शरीर में नहीं किये जा सकते जैसे सत्संग दुनियां का और कोई प्राणी नहीं कर सकता। यज्ञ सब कर सकते हैं जैसे गाय, वृक्ष,नदी या सांप सब यज्ञ कर सकते हैं लेकिन मनुष्य इतर प्राणी सत्संग नहीं कर सकते जैसी शब्द सुनने की शक्ति मनुष्य में है ऐसी अन्य प्राणी में नहीं है। अगर आपने शब्द सुनने सत्संग का कार्य नहीं किया तो परमात्मा आपको मनुष्य जन्म देने को बाध्य नहीं होंगे। परमात्मा की सर्वश्रेष्ठ कृति मानव योनि है इसी से मोक्ष प्राप्त किया जा सकता है। इसलिए वाणी, पाणी और विचार का सदुपयोग कर अमरत्व को प्राप्त करें।

इस अवसर पर मुख्य रूप से डा. प्रमोद सक्सैना, प्रवीण चंद गुप्ता, सुरेश आर्य, केके यादव, देवेन्द्र आर्य, राज कुमार आर्य, अभिषेक तेवतिया, सविता तेवतिया, कविता राठी, कुसुम लता, आशा मालिक आदि अनेकों लोगों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

# गैस सिलेंडर फटा, तीन बच्चे और मां की मौत



**देवरिया (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के देवरिया के बरहज तहसील इलाके के भलुअनी स्थित डुमरी गांव में शनिवार की सुबह करीब पांच बजे चाय बनाने के दौरान गैस सिलेंडर भभक गया। जिससे सिलेंडर फट गया। चपेट में आने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

डुमरी गांव निवासी शिवशंकर गुप्ता पावरोटी बेचते हैं। सुबह वह दुकान पर जाने के लिए तैयार हो रहे थे। उनकी पत्नी आरती देवी चाय बनाने लगी। इसी बीच गैस सिलेंडर भभकने लगा।

सिलेंडर भभक कर फट गया। जिसकी चपेट में आने से शिवशंकर गुप्ता की पत्नी आरती देवी (42), पुत्री आंचल (14), सृष्टि (11), पुत्र कुंदन (12) की मौके पर ही मौत हो गई।

सूचना पर इंस्पेक्टर अर्चना सिंह मय फोर्स मौके पर पहुंच गईं। डीएम अखंड प्रताप सिंह, एसपी डॉ.संकल्प शर्मा, एडीशनल एसपी डॉ.भीम कुमार गौतम, एसडीएम दिशा श्रीवास्तव, सीओ आदित्य कुमार गौतम आदि ने मौके का जायजा लिया। फारेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच गई। इतने बड़े हादसे की जानकारी होने पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

# भाजपा के पक्ष में घर-घर अभियाना चलाएगा पिछड़ा वर्ग

## अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पदाधिकारी का किया स्वागत

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-5 हरौला में दिल्ली सरकार के अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सलाहकार कमेटी के सदस्य संजीव कुमार यादव का पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया।

इस दौरान नोएडा महानगर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष तथा राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष व दर्जा प्राप्त केन्द्रीय मंत्री डॉ लोकेश प्रजापति के कार्यालय प्रभारी जयप्रकाश प्रजापति ने संजीव कुमार का स्वागत किया। इस दौरान लोकसभा चुनाव में भाजपा को एकतरफा वोट देने के लिए पिछला वर्ग द्वारा अभियान चलाने पर भी चर्चा हुई। इस अभियान के तहत पिछड़ा वर्ग मोर्चा का हर कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को भाजपा के समर्थन में वोट डालने के अपील करेगा। इस दौरान लोगों को बताया जाएगा कि पिछले 10 वर्षों के दौरान मोदी जी के शासन में जितने ऐतिहासिक विकास कार्य हुए हैं उतने आज तक कभी किसी भी सरकार भी नहीं हुए हैं इसके आधार पर लोगों को भाजपा के पक्ष में वोट देने की अपील की जाएगी।



# कैलाश गहलोत को ईडी के समन पर भड़की आप

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने अपनी कार्रवाई को तेज कर दिया है। दिल्ली मंत्री कैलाश गहलोत को समन जारी होने पर आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी और सौरभ भारद्वाज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने ईडी की कार्रवाई पर सवाल उठाए और कहा कि सबसे पहले एजेंसियों को भाजपा से पूछताछ करनी चाहिए। प्रेस वार्ता में कहा कि सिर्फ चार बयानों पर मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तारी हुई है। शरद रेड्डी ने भाजपा को चंदा दिया।




आतिसी ने आरोप लगाया है कि भाजपा का एक्साइज पॉलिसी में साउथ लॉबी से बड़ा कनेक्शन है। एक्साइज पॉलिसी के अप्रूवर राघव मगुंता रेड्डी के पिता मगुंथा एस रेड्डी को भाजपा ने सांसद का टिकट दिया है। इन दोनो की गवाही के आधार पर केजरीवाल की गिरफ्तारी हुई है।

प्रेस वार्ता के दौरान आम आदमी पार्टी ने कहा कि शराब कारोबारियों की साउथ लॉबी से भाजपा का एक और तार जुड़ गया है। आतिशी ने कहा कि कल को मुझे और सौरभ भारद्वाज को भी गिरफ्तार किया जा सकता है।

अरविंद केजरीवाल के खिलाफ बयान देने वाले मगुंटा श्रीनिवासलु रेड्डी और उनके सुपुत्र राघव मगुंटा 28 फरवरी को भाजपा के सहयोगी गठबंधन टीडीपी में शामिल हुए।

मार्च 29 को मगुंटा श्रीनिवासलु रेड्डी को भाजपा के सहयोगी गठबंधन दल टीडीपी से लोकसभा का चुनाव लड़ने का टिकट मिलता है। शराब कारोबारियों की साउथ लॉबी से शरथ रेड्डी भाजपा को 55 करोड़ का चंदा देता है। मगुंटा श्रीनिवासलु रेड्डी को भाजपा टिकट देती है। आखिरी में पूछा कि तो क्या अब ईडी भाजपा को शराब घोटाले की जांच में आरोपी बनाएगी?

# माफिया डॉन मुख्तार अंसारी की हार्ट अटैक से हुई थी मौत



लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के माफिया डॉन मुख्तार अंसारी की मौत के बाद उसकी शुरुआती पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ गई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि मुख्तार अंसारी की मौत की दिल का दौरा पड़ने की वजह से हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि उन्हें मायोकार्डियल इंफार्क्शन की वजह से हार्ट अटैक आया जिस वजह से उनकी जान चली गई।

बता दें कि मुख्तार के परिवार ने उन्हें बांदा जेल में जहर दिए जाने का आरोप लगाया था और मांग की थी कि उनके शव का पोस्टमार्टम एम्स के डॉक्टरों की निगरानी में कराई जाए। हालांकि ऐसा नहीं हुआ।

गुरुवार की रात मुख्तार अंसारी की बांदा जेल में तबियत बिगड़ गई थी और उन्हें बेहोशी की हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी।




## पृष्ठ एक के शेष....

**चौ. चरण सिंह, नरसिम्हा राव....**

राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत अन्य नेता भी शामिल हुए।

पूर्व प्रधानमंत्री और किसानों के मसीहा चौ. चरण सिंह को मरणोपरांत भारतरत्न से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति से यह सम्मान चौ0 चरण सिंह के पौत्र तथा राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने ग्रहण किया। पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हाराव को दिए गए भारतरत्न सम्मान को उनके पुत्र प्रभाकर राव, कृषि वैज्ञानिक एस0एम0 स्वामीनाथन को दिए गए भारतरत्न सम्मान को उनकी पुत्री नित्या राव तथा बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को दिए गए भारतरत्न सम्मान को उनके पुत्र रामनाथ ठाकुर ने ग्रहण किया।

**मुख्तार की मूछों पर ....**

चूंकि कब्रिस्तान में सिर्फ परिवार के लोगों को जाने की अनुमति थी। मुख्तार अंसारी को सुपुर्द-ए-खाक करने से पहले उसके बेटे उमर अंसारी ने आखिरी बार नम आंखों के साथ अपने पिता की मूछों पर ताव दिया। इसलिए लोग कब्रिस्तान के बाहर जुट गए। कुछ ही देर में हालात ऐसे हो गए कि भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मुख्तार के परिवार को लोगों से शांत रहने की अपील करनी पड़ी। आखिर में सुबह 11 से 11.30 के बीच मुख्तार को दफना दिया गया।

भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मुख्तार के बेटे उमर ने खुद माइक ले लिया है। वह लोगों से पीछे हटने की अपील कर रहे हैं, साथ ही यह सूचना दे रहे हैं कि कब्रिस्तान के अंदर सिर्फ परिवार को जाने की अनुमति दी गई। लोग दीवार फांदने की भी कोशिश कर रहे थे। कब्रिस्तान के बाहर भारी भीड़ जुट गई है, जो नारे लगा रही थी।

**भाजपा शासन में ही....**

धारा-370 से लेकर राम मंदिर तक सब आपके समक्ष है। 140 करोड़ देशवासियों के लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प व गंभीर प्रयास से ही यह सब कुछ संभव हुआ है। व्यापारियों का हित, मान, सम्मान सिर्फ भाजपा के राज में ही सुरक्षित है।

उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने विधायक पंकज सिंह का सम्मान करने के बाद कहा कि इस बार हम सभी व्यापारी घर-घर जाकर चुनाव में वोट डालने के लिए प्रेरित करेंगे। सभी दुकानदारों को पोस्टर व नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से समझाया जाएगा कि चुनाव में वोट डालने के क्या फ़ायदा होते हैं। मोदी सरकार इस बार 400 पार और हमारे सांसद डॉ. महेश शर्मा पाँच लाख वोटों के अंतर से महाविजय हासिल करेंगे। प्रदेश चेयरमैन नवनीत गुप्ता ने कहा कि भाजपा सरकार में विकास के कार्यों की झड़ी लग गई है। देश में मोदी जी और प्रदेश में योगी जी के नेतृत्व में ही देश विरोधी ताक़तों के जनाजे निकल चुके हैं। उन्होंने आगे कहा कि हमें हर हालत में अधिक से अधिक मतदान का एक रिकॉर्ड बनाना है।

प्रदेश उपाध्यक्ष सौरव सिंघल ने कहा कि हिंदुत्व को जगाना है भाजपा को जिताना है। प्रदेश महामंत्री प्रवीन गर्ग ने कहा कि आपका वोट आने वाली पीढ़ियों के लिए सबक़ बन जाएगा।

प्रदेश महामंत्री निखिल अग्रवाल ने कहा कि सभी बाज़ारों में चुनाव से पहले बूथ बनाए जाएंगे और सभी को मताधिकार का महत्व समझाया जाएगा। ग्रेटर नोएडा से अध्यक्ष सचिन गोयल ने कहा कि किसी भी देश में यदि मोदी जैसे नेता होंगे तो वो देश स्वर्णिम काल में चला जाएगा।

कार्यक्रम में सेक्टर-50 के अध्यक्ष मूलचंद गुप्ता, पंकज अग्रवाल, शिवा चौहान, मनीष शर्मा, गौरव सिंघल, मिथुन चौहान, कुलदीप गुप्ता, अनुज गुप्ता, सौरभ अग्रवाल, रघुनाथ सिंह, ललित गोयल, डा. टिटोलिया, सेक्टर-46 मार्केट एसोसिएशन के हिमांशु मित्तल व भारत बंसल समेत सैकड़ों व्यापारी मौजूद थे।

**कांग्रेस का मशॉल जुलूस....**

जनता भाजपा सरकार को इसका माकूल जवाब देगी। उन्होंने कहा कि इस उत्पीड़न के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर प्रदर्शन करके सरकार के इस उत्पीड़न का जमकर विरोध करेंगे।

**बच्चों से भरी कार....**

दुर्घटना इतना भयानक थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार को काटकर उसमें फंसे बच्चों व ड्राईवर को बाहर निकाला और उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। इस हादसे में अर्टिगा कार के ड्राईवर आशिक अली निवासी काला सराय जनपद अमरोहा तथा छात्र अनस की उपचार के दौरान मौत हो गयी। घायल बच्चों को शांति गोपाल हॉस्पिटल, एसजेएम हॉस्पिटल तथा मणिपाल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल में भर्ती कुछ बच्चों की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे की वजह का पता नहीं लग पाया है।

**शादी का दबाव बनाने पर....**

उसे पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। मृतका की पहचान ग्राम गढ़वार बलिया निवासी निशा के रूप में हुई। प्रारंभिक जांच में पता चला कि निशा और धनंजय के बीच पिछले कई साल से दोस्ती थी धनंजय शादीशुदा था और उसके दो बच्चे भी हैं। निशा उस पर शादी का दबाव डाल रही थी।

इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहा सुनी हुई। गुस्से में आकर धनंजय ने उसका गला घोट कर उसे मौत के घाट उतार दिया निशा की मौत के बाद उसने अपनी गर्दन पर ब्लेड मार कर आत्महत्या का भी प्रयास किया। थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में निशा की गला दबाकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई है। बीती शाम पुलिस ने आरोपी धनंजय को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

**गुजरात के छात्र....**

65 वर्षीय सुदृष्टि प्रसाद ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली घटना के समय उनकी पत्नी किसी कार्य से बाहर गई थी। कुछ देर बाद जब वह घर लौटी तो उसे सुदृष्टि प्रसाद फांसी के फंदे पर लटके मिले। जानकारी मिलने पर थाना सेक्टर 39 पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है थाना प्रभारी का कहना है कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि सुदृष्टि प्रसाद किडनी की बीमारी से पीड़ित थे और पिछले काफी समय से डिप्रेशन में चल रहे थे। उनके एक बेटी और एक बेटा है, दोनों ही विदेश में रह रहे हैं।



## भीड़भाड़ वाली जुहू चौपाटी पर दिनदहाड़े नहीं हो सकता दुष्कर्म

मुंबई। बॉम्बे हाईकोर्ट ने दुष्कर्म के मामले में आरोपी को जमानत दे दी है। कोर्ट ने सारी दलीलें सुनने के बाद कहा कि मुंबई में भीड़भाड़ वाली जुहू चौपाटी पर दिनदहाड़े आरोपी पीड़िता से दुष्कर्म नहीं कर सकता। इस मामले में पॉक्सो एक्ट लगाने का सवाल नहीं उठता। बॉम्बे हाईकोर्ट ने दुष्कर्म के आरोपी चौकीदार को जमानत देते हुए कहा ट्रायल कोर्ट ने अभी तक कोई आरोप तय नहीं किया है। न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चव्हाण की पीठ चौकीदार द्वारा दायर जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही थी। अभियोजन पक्ष का कहना था पीड़िता एक बिल्डिंग में नौकरानी का काम करती थी। वही उसकी पहचान चौकीदार से हो गई और दोनों के बीच दोस्ती हुई और बाद में प्रेम संबंध में बदल गई। पीड़िता ने आरोप लगाया था कि 14 मई, 2021 को जब वो आरोपी के साथ जुहू चौपाटी गई थी तो आरोपी ने उससे यौन संबंध बनाने के लिए कहा, जिस पर पीड़िता ने इनकार कर दिया. हालांकि, आरोपी उसे धमकी देते हुए जबरन समुद्र की ओर ले गया और पत्थरों के पीछे उसके साथ दुष्कर्म किया। चौकीदार की ओर से वकील नाजनीन खत्री ने अभियोजन पक्ष द्वारा पेश पीड़िता की एक्स-रे रिपोर्ट की ओर इशारा किया, जिसमें पता चला कि रेडियोलॉजिकल रूप से पीड़िता की उम्र 19 साल से अधिक है, लेकिन 20 साल से कम है। रिपोर्ट देखने के बाद पीठ ने कहा कि अगर ऐसा मामला है तो इस मामले में पॉक्सो एक्ट लगाने का सवाल नहीं उठता है क्योंकि कथित अपराध के समय पीड़िता बालिक थी। इसके बाद कोर्ट ने आरोपी चौकीदार को जमानत दे दी। बता दें कि आरोपी के खिलाफ मामले को देखते हुए पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था।

## जयशंकर के आमंत्रण पर नई दिल्ली पहुंचे यूक्रेन के विदेश मंत्री

नई दिल्ली। भारत की अपनी पहली यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने कहा कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग महत्वपूर्ण है, इस आने वाले दिनों में मजबूत किया जाएगा। उनकी दो दिवसीय यात्रा दो साल से अधिक समय से जारी रूस-यूक्रेन युद्ध के शांतिपूर्ण समाधान के प्रयासों के बीच हो रही है। कुलेबा ने पोस्ट किया, मैंने विदेश मंत्री एस जयशंकर के आमंत्रण पर नई दिल्ली की अपनी यात्रा शुरू की। यूक्रेन-भारत सहयोग महत्वपूर्ण है और हम संबंधों को और मजबूत करने पर जोर दे रहे है। राष्ट्रपति जेलेंस्की और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच बातचीत के आधार पर, हम शांति फॉर्मूला पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित कर रहे है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि कुलेबा की यात्रा विदेश मंत्री जयशंकर के आमंत्रण पर हो रही है। अपनी आधिकारिक यात्रा के पहले दिन कुलेबा ने यहां राजघाट का दौरा किया और महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## जम्मू-कश्मीर के रामबन में यात्री टैक्सी के खाई में गिरने से दस की मौत

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में शुक्रवार सुबह एक यात्री टैक्सी के फिसलकर गहरी खाई में गिर जाने से कम से कम 10 यात्रियों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि जम्मू से श्रीनगर जा रही यात्री टैक्सी दुर्घटनाग्रस्त हो गई और जिले के बैटरी चश्मा इलाके के पास लगभग 800 फीट गहरी खाई में गिर गई। पुलिस ने एक्स पर पोस्ट किया, 'जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रामबन इलाके में बैटरी चश्मा के पास एक यात्री टैक्सी गहरी खाई में गिर गई। पुलिस, राज्य आपदा प्रक्रिया बल (एसडीआरएफ) और सिविल क्यूआरटी मौके पर पहुंच गए हैं, बचाव अभियान जारी है।' इस बीच केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि उन्होंने दुखद सड़क दुर्घटना के बारे में जानने के बाद रामबन के उपायुक्त बसीर-उल-हक से बात की, जिसमें बैटरी चश्मा के पास जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक यात्री टैक्सी के गहरी खाई में गिरने से 10 लोगों की मौत हो गयी। डॉ. सिंह ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, 'पुलिस, एसडीआरएफ और सिविल क्यूआरटी मौके पर पहुंच गए हैं। बचाव अभियान जारी है। मैं लगातार संपर्क में हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है।' इस बीच, पुलिस ने कहा कि बचाव अभियान जारी है और मृत व्यक्तियों की पहचान की जा रही है। संदेह है कि मृतक लोग श्रीनगर की ओर जा रहे श्रमिक थे।

## मुख्तार की मौत पर सपा-बसपा दुखी, मायावती ने की जांच की मांग

लखनऊ। माफिया डॉन और पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी की मौत पर समाजवादी पार्टी (सपा) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने दुख व्यक्त किया है। बसपा अध्यक्ष मायावती ने मुख्तार की मौत की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। सुश्री मायावती ने शुक्रवार को टवीट किया 'मुख़्तार अंसारी की जेल में हुई मौत को लेकर उनके परिवार द्वारा जो लगातार आशंकायें व गंभीर आरोप लगाए गए हैं उनकी उच्च-स्तरीय जाँच जरूरी, ताकि उनकी मौत के सही तथ्य सामने आ सकें। ऐसे में उनके परिवार का दु:खी होना स्वाभाविक। कुदरत उन्हें इस दु:ख को सहन करने की शक्ति दे।' सपा ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट से पोस्ट जारी कर मुख्तार के निधन पर शोक जताया। उन्होने लिखा 卐पूर्व विधायक श्री मुख्तार अंसारी जी का इंतकाल, दु:खद। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दें। शोकाकुल परिजनों को यह असीम दु:ख सहने का संबल प्राप्त हो। विनम्र श्रद्धांजलि।' सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हालांकि निजी रुप से इस बारे में अब तक कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की है मगर उनकी पार्टी के नेता आईपी सिंह ने सिलसिलेवार पोस्ट के जरिये इसे भाजपा सरकार की साजिश करार दिया है और जेल में बंद राजनेताओं की सुरक्षा की समीक्षा की मांग की है। गौरतलब है कि बांदा जिला जेल में निरुद्ध मुख्तार अंसारी को गुरुवार रात गंभीर हालत में रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज लाया गया था जहां हृदयाघात के कारण उसकी मौत हो गयी थी। परिजनो ने मुख्तार की मौत को परोक्ष रुप से जेल प्रशासन की साजिश बताया है।

## बीएसएफ ने अमृतसर में ड्रोन, हेरोइन बरामद

जालंधर। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब के अमृतसर जिले में एक पाकिस्तानी ड्रोन और एक किलो से अधिक हेरोइन बरामद की है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि 28 मार्च 2024 को सतर्क बीएसएफ के सैनिकों ने अमृतसर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में अपने ड्यूटी पोस्ट के पास असामान्य आवाज़ें सुनीं। उन्होंने कहा कि तेजी से कार्रवाई करते हुए, बीएसएफ जवानों ने संदिग्ध क्षेत्र में गहन तलाशी अभियान शुरू किया। खोज के दौरान, उन्होंने अमृतसर जिले के डौके गांव के पास एक खेत से एक छोटे क्वाडकॉप्टर ड्रोन (डीजेआई माविक 3) को बरामद कर लिया। प्रवक्ता ने बताया कि एक अन्य घटना में 28 मार्च 2024 को, बीएसएफ की खुफिया इकाई ने अमृतसर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में नशीले पदार्थ ले जा रहे दो अज्ञात व्यक्तियों की संदिग्ध गतिविधि की सूचना दी। उन्होंने कहा कि त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए, बीएसएफ के जवान घटनास्थल पर पहुंचे, लेकिन संदिग्ध भागने में सफल रहे। उनके भागने के बावजूद, बीएसएफ जवानों ने गहन तलाशी ली और शमशान घाट, गांव-नागालंब, जिला-अमृतसर के पास से एक पैकेट (कुल वजन - 1.140 किलोग्राम) हेरोइन बरामद किया, जो भूरे रंग के चिपकने वाले टेप में लपेटा हुआ था।

## नवी मुंबई में व्यक्ति को पीटने और जूते चाटने के लिए मजबूर करने के आरोप में छह लोग गिरफ्तार

ठाणे। ठाणे के नवी मुंबई नगर में एक व्यक्ति पर हमला करने तथा उसे जूते चाटने के लिए मजबूर करने के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एपीएमसी पुलिस थाने के एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि यह घटना बुधवार की शाम को हुई थी। उन्होंने बृहस्पतिवार को बताया कि पीड़ित व्यक्ति एपीएमसी में स्थित एक कंपनी की दुकान में कार्यरत था। उन्होंने बताया कि मसाले तैयार करने की कंपनी के मालिक रौनक दयालजीभाई भानुशाली और उसके कर्मचारियों ने मसाले चुराने का आरोप लगाया और पीड़ित पर हमला किया। अधिकारी के अनुसार, हमलावर कर्मचारियों की पहचान संजय चौधरी, लालाजी बाबूबाई पागी, वीरेंद्र कुमार लक्ष्मण गौतम, योगेश और करण के रूप में हुई है। उन्होंने बताया, 'पीड़ित व्यक्ति को कंपनी से इलायची चुराने के आरोप में पीटा गया, उसके कपड़े उतारे गए और आरोपी भानुशाली के जूते चाटने के लिए मजबूर किया गया। आरोपियों ने अपने इस कृत्य का वीडियो भी बनाया।' पुलिस ने कहा कि इस मामले में जांच चल रही है।

# आतंकी संगठन आईएस पढ़े-लिखे युवाओं को बना रहा निशाना

**– छात्रों से संपर्क करने फैला रहे ऑनलाइन जाल, सुरक्षा एजेंसी सतर्क**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आतंकी संगठन अपनी ताकत बढ़ाने और पढ़े-लिखे युवाओं को बहकाकर अपने साथ जोड़ने की हर संभव कोशिश करते हैं। ये आतंकी भारत में भी इस तरह का जाल बिछाकर पढ़े-लिखे नौजवान को अपना निशाना बनाते हैं। पिछले ही दिनों गुहावाटी में आईआईटी के छात्र को आतंकी संगठन आईएस के लिए काम करने के आरोप में पकड़ा था। खुफिया सूत्रों का मानना है कि टेलीग्राम पर सीरिया में बैठे एक ही ग्रुप के लोग इन छात्रों को भड़का रहे थे।

खुफिया सूत्रों का मानना है माना जा रहा है कि इंजीनियरिंग के छात्रों को ऑनलाइन भड़काने के पीछे एक ही संगठन हो सकता है। ऑनलाइन ग्रुप के जरिए भड़काए गए छात्रों में जामिया मिलिया इस्लामिया से एमटेक ग्रेजुएट अरशद वारसी और दिल्ली में पिछले अक्टूबर में गिरफ्तार हुए एनआईटी नागपुर से बीटेक करने वाले शहनावाज शामिल हैं। हाल ही में गुवाहाटी से बीटेक ग्रेजुएट हारिस फारूकी को भी गिरफ्तार किया था। ये तीनों दिल्ली, अलीगढ़ और पुणे से जुड़े एक ही गुट के सदस्य थे और हारिस की इन मॉड्यूलों में अगुवाई करने की भूमिका थी। गिरफ्तारी के बाद, पुलिस ने कहा कि हारिस गुप्त चैटिंग एप के जरिए विदेशी हैंडलर के संपर्क में था। उस पर सोशल मीडिया और आमने-सामने मिलकर भोले युवाओं को आतंकी संगठन आईएस में शामिल होने के लिए तैयार करने और उन्हें आतंकी बनाने का भी आरोप था।

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पिछले अक्टूबर में शाहनवाज को गिरफ्तार किया था। वह 2017 से जमाल नाम के एक सीरियाई टेलीग्राम अकाउंट के संपर्क में था। जमाल अफगानिस्तान का रहने वाला था, जिसे फरवरी 2018 में तालिबान-आईएस युद्ध में मार दिया गया था। पुलिस ने बताया कि टेलीग्राम और रॉकेट जैसे चैट एप पर ये अकाउंट अलग-अलग लोगों द्वारा चलाए जा रहे थे। फारूकी को 3 अप्रैल तक पुलिस हिरासत में रखा गया है।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार होने से पहले अपनी लिंक्डइन पोस्ट में तौसीफ फारूकी ने खुद को भारतीय संविधान और उसकी संस्थाओं से अलग कर लिया था। उसने लिखा था, अपने पछतावे के बाद मेरा पहला कदम मुसलमानों की तरफ पलायन करना है, जिसे इस्लामिक स्टेट-खुरासान प्रांत के नाम से जाना जाता है, ताकि इस्लामिक स्टेट के लिए अपनी वफादारी की कसम खा सकूं...यह मुसलमानों और काफिरों के बीच की लड़ाई है। फारूकी के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की फॉरेंसिक जांच की जा रही है। असम पुलिस ने बताया कि उन्हें तौसीफ के कमरे से आईएसआईएस जैसा एक झंडा भी मिला है। जिसके आतंकी लिंक की जांच की जा रही है।

## क्रांतिधरा से मोदी करेंगे यूपी में लोकसभा चुनाव का शंखनाद

मेरठ। मौजूदा लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीट और देश भर में 400 से अधिक सीटें जीतने के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संकल्प को पूरा करने के इरादे से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 31 मार्च को लगातार तीसरी बार क्रांतिधरा मेरठ से घनी आबादी वाले राज्य में अपने चुनाव प्रचार का आगाज करेंगे। मोदीपुरम में केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान के पास आयोजित होने वाली इस रैली में भाजपा रालोद (राष्ट्रीय लोकदल) गठबंधन के तहत रालोद मुखिया जयंत चौधरी पहली बार प्रधानमंत्री मोदी के साथ मंच साझा करेंगे।

इससे पहले श्री मोदी ने वर्ष 2014 में मेरठ की धरती से ही उत्तर प्रदेश में चुनाव का शंखनाद किया था जिसकी परिणीत थी कि भाजपा ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश की 14 लोकसभा सीटों पर भगवा लहरा कर विपक्ष का सूपड़ा ही साफ कर दिया था। वर्ष 2019 में भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने क्रांतिधरा मेरठ से ही चुनावी रैली का आगाज किया, लेकिन दोबारा इन 14 में से आधी सीटों यानि सात पर ही भाजपा जीत दर्ज करा सकी। चार सीटों पर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और तीन सीटों पर समाजवादी पार्टी कब्जा करने में कामयाब हुईं। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि 2024 में प्रधानमंत्री मोदी के मेरठ की क्रांतिकारी धरती से चुनावी रैली के आगाज से चुनावी परिणाम कितने असरदार होते हैं। खासतौर पर जबकि इस बार भाजपा अकेले नहीं बल्कि राष्ट्रीय लोकदल के साथ मिलकर चुनावी मैदान में उतरी है और जाट बेल्ट के मतदाता इस गठबंधन को किस नजर से देखते हैं। यह आने वाले चुनाव परिणाम ही बतायेंगे। गौरतलब है कि वर्ष 2019 में मेरठ, बागपत, मुजफ्फरनगर, कैराना, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर और बुलंदशहर में भाजपा ने जीत हासिल की थी। जबकि सहारनपुर, नगीना, बिजनौर और अमरोहा सीट से बसपा ने जीत दर्ज करवाई थी। इसके अलावा रामपुर मुरादाबाद और संभल में सपा सीट निकालने में सफल हुए थे।

# नवनीत राणा ने गृह मंत्री अमित शाह से की मुलाकात, कहा- इस 400 पार में एक अमरावती जरूर रहेगा



**मुंबई (एजेंसी)।** अमरावती से बीजेपी उम्मीदवार नवनीत राणा ने अपने पति रवि राणा के साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की है। गृह मंत्री से मुलाकात के बाद अमरावती से बीजेपी उम्मीदवार नवनीत राणा ने समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए कहा कि मैं आज उनका (केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह) आर्शीवाद लेने आई थी। उनको मैं विश्वास दिलाने आई थी कि आपकी बार 400 पार का जो पीएम मोदी, देश और देश के लोगों का सपना है उस सपने को आगे लेकर बढ़ना है और इस 400 पार में एक अमरावती जरूर रहेगा।

बता दें कि बीजेपी ने लोकसभा चुनाव के लिए लिस्ट की घोषणा कर दी। नवनीत राणा को अमरावती सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। नागपुर में बावनकुले के आवास पर अपने समर्थकों के साथ और अमरावती, नागपुर, वर्धा और अन्य स्थानों के वरिष्ठ पार्टी नेताओं की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुईं। जब वह भाजपा में शामिल हुईं तो उनके विधायक पति रवि राणा भी मौजूद थे। भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने अमरावती सीट के लिए पार्टी के उम्मीदवार के रूप में उनके नाम की घोषणा की। बावनकुले ने कहा कि वह 4 अप्रैल को अपना चुनाव नामांकन दाखिल करेंगी।

नवनीत राणा मौजूदा सांसद हैं और 2019 में उन्हें एनसीपी ने समर्थन दिया था। नवनीत राणा को उम्मीदवारी मिलने के बाद शिवसेना शिंदे गुट के अभिजीत अडसुल ने भी अमरावती लोकसभा के लिए आवेदन करने का फैसला किया है। अभिजीत अडसुल के कार्यकर्ताओं ने उनकी उम्मीदवारी के लिए आवेदन ले लिया है। अभिजीत अडसुल 4 तारीख को नामांकन फॉर्म दाखिल करेंगे।

## केंद्रीय मंत्री पुरी ने कहा, राबड़ी देवी की राह पर सुनीता केजरीवाल

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी की तुलना बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी से की। केंद्रीय पुरी ने कहा कि मुख्यमंत्री केजरीवाल की पत्नी सुनीता संभवत- अपने पति की जगह पद पर बैठने की तैयारी कर रही हैं। केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री पुरी ने भाजपा की दिल्ली इकाई के चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के मौके पर सुनीता केजरीवाल का जिक्र आने पर कहा, ''आप जिन मैडम की बात कर रहे हैं, वह शायद बिहार में राबड़ी देवी की तरह पद पर बैठने की तैयारी कर रही हैं।''

## तेजस्वी यादव ने कहा- बिहार ओछे बयानबाजी करने वालों की धरती नहीं



**पटना (एजेंसी)।** बिहार में किड़नी पर सियासत शुरू हो गई है। सम्राट चौधरी के बयान पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि उपमुख्यमंत्री द्वारा नारी शक्ति और बिहार की बेटी पर दिए गए घृणाप्रद बयान बीजेपी के चरित्र को बताता है। उन्होंने कहा कि बिहार ओछे बयानबाजी करने वालों की धरती नहीं है। ऐसी सोच न तो हमारे संस्कारों में है और न ही बिहार की संस्कृति में है।

वे ईश्वर से प्रार्थना करेंगे कि उपमुख्यमंत्री और उनकी पार्टी को मातृशक्ति का सम्मान करने की सद्बुद्धि प्राप्त हो। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मैं सभी कार्यकर्ताओं और बिहारवासियों से भी आग्रह करता हूं कि वे बेटी वंदना के साथ अपने हर कार्य की शुरुआत करें। तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार माता सीता की जन्मस्थली है। बिहार बेटियों, माताओं और महिलाओं का सम्मान करने वाली पवित्र धरती है। हमारे संस्कारों और व्यवहार में मातृ-शक्ति का परम महत्व है जिसकी झलक हमारे कार्यों में दिखती है। बेटी वंदना हमारे बिहार की समृद्ध संस्कृति को आगे बढ़ाने की प्रेरणा देगी और भटके हुए बीजेपी नेताओं को सही मार्ग पर लाने में मदद करेगी। तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए बीजेपी ने एक भी महिला उम्मीदवार नहीं बनाया है जिससे यह साफ हो गया है कि वे महिला-विरोधी हैं। हमने पहले ही कहा था कि उनका महिला आरक्षण बिल एक ढोंग था। बिहार की पहचान बीजेपी नहीं है और बिहार ओछे बयानबाजी करने वालों की धरती नहीं है।

## आतिशी ने बताया केजरीवाल का फोन लेकर क्या देखना चाहती हैं ईडी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आप नेता व कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कहा कि राउज एवेन्यू कोर्ट में सीएम केजरीवाल की रिमांड पर बहस चल रही थी, तब ईडी के वकील ने अंजाने में ईडी के असली मोटिव को कोर्ट के सामने रख दिया।

वकील ने कहा कि केजरीवाल को अभी कुछ दिन और रिमांड पर रखने की जरूरत है, क्योंकि केजरीवाल ने अपने फोन का पासवर्ड हमें नहीं बताया है। आतिशी ने कहा कि यह वहीं ईडी है जो यह कह चुकी है कि मुख्यमंत्री केजरीवाल का आबकारी नीति बनाए जाने के समय का फोन हमें नहीं मिला है।

उन्होंने कहा कि अब सवाल उठता है, जो फोन कुछ माह पुराना है, उस फोन को ईडी क्यों देखना चाहती है। मतलब साफ है कि कि ईडी उस फोन में क्या देखना चाहती है। उन्होंने कहा कि मैं बताना चाहती हूं कि ईडी के माध्यम से भाजपा उस रणनीति को देखना चाहती है कि चुनाव को लेकर केजरीवाल की क्या रणनीति है।

वह देखना चाहती है कि केजरीवाल ने लोकसभा चुनाव को लेकर क्या रणनीति तैयार की है। किस तरह एक-एक सीट का सर्वे कराया है। विपक्षी गठबंधन के साथ मिलकर उन्होंने चुनाव को लेकर क्या तैयारी की है।

# शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन ने लगाए हेमंत और कल्पना पर आरोप

**–पति की रहस्यमय परिस्थितियों में हुई मौत की हाईलेवल जांच की मांग**



**रांची (एजेंसी)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के संरक्षक शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन जिन्होंने हाल ही बीजेपी ज्वाइन की है। बीजेपी में शामिल होने के बाद उन्होंने अपने परिवार पर उपेक्षा के आरोप लगाए थे। अब सीता सोरेन ने अपने पति दुर्गा सोरेन की रहस्यमय परिस्थितियों में हुई मौत को लेकर हाईलेवल जांच की मांग की है। इससे शिबू सोरेन परिवार को एक और झटका लगा है।

दिल्ली से लौटीं सीता सोरेने ने रांची में पत्रकारो से बात करते हुए कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) को खड़ा करने में अपना खून पसीना बहाने वाले उनके पति दुर्गा सोरेन की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत हुई थी। वह अपने पति की मौत की हाई-लेवल जांच की मांग कर रही हैं। उन्होंने कहा कि वह कई साल से जांच की मांग कर रही थीं। सीता ने यह भी आरोप लगाया कि उनके पति की मौत के बाद उनके परिवार को उपेक्षा की नजर से देखा जाने लगा था। उनका आरोप था कि जेल में बंद झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ने उनका अपमान किया है। सीता ने कहा था कि मेरे पति की मौत के बाद उनके जीवन में जो बदलाव आया वह किसी बुरे सपने से कम नहीं था। उन्हें सामाजिक और राजनीतिक रूप से अलग-थलग कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि अगर वह सच्चाई को उजागर कर दें तो कई लोगों के सपने चकनाचूर हो जाएंगे। झारखंड के लोग उन पर थूकेंगे जिन्होंने उनके पति दुर्गा सोरेन और उनके लोगों को रास्ते से हटाने की साजिश रची थी।

उन्होंने जेएमएम पर हमला बोलते हुए पत्रकारों से कहा कि झारखंड का विकास प्रधानमंत्री मोदी की विचारधारा से ही संभव है क्योंकि जेएमएम अपने सिद्धांत से भटक गया है और भ्रष्टाचार में लिप्त हो गया है। बता दे कि सीता सोरेन ने हाल ही में बीजेपी का दामन थाम लिया था। उसके बाद बीजेपी ने सीता को दुमका लोकसभा सीट से मैदान में उतारा है। सीता सोरेन झारखंड मुक्ति मोर्चा की नेता रही हैं और झारखंड के ही जामा सीट से विधायक हैं। उन पर 2012 के राज्यसभा चुनाव में मतदान के लिए पैसे लेने का आरोप लगा था और वह सात माह जेल में भी रहीं। इसके बाद 19 मार्च 2024 को सीता सोरेन ने पार्टी की ओर से उनकी उपेक्षा का हवाला देते हुए झामुमो के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया था।

# चुनाव में सेलिब्रिटी की चांदी, भाजपा ने राम से लेकर ड्रीमर्स गर्ल्स को दिया टिकट

**–टीएमसी ने बिहारी बाबू को दिया मौका**

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े लोगों का राजनीतिक पार्टियों से जुड़ने और चुनावी मैदान में उतरने की शुरुआत दशकों पहले ही हो गई थी और पिछले कुछ चुनावों से यह ट्रेंड बढ़ता ही दिखा है। बीजेपी ने लोकसभा चुनाव 2024 में कई फिल्म कलाकारों को मैदान में उतारा है। तृणमूल कांग्रेस ने भी फिल्म स्टारों को टिकट दिया है, वहीं कांग्रेस से भी संभावना है कि कुछ सेलिब्रिटी मैदान में हो। जाने-माने राजनीतिक विश्लेषक जयंत घोषाल बताते हैं कि राजनीति के मैदान में जो फिल्म से आते हैं, वे लोग सेलिब्रिटी होते हैं। सेलिब्रिटी होने के कारण उनका टीआरपी काफी हाई होती है और ये लोग पहले से ही पॉपुलर होते हैं। फिल्मी हस्तियों पर दांव खेलने का एक सबसे बड़ा कारण है कि ज्यादातर फिल्म स्टारों की छवि जनता में खराब नहीं है, जिससे उनकी स्वीकार्यता जनता में ज्यादा है।

बीजेपी ने इस बार भी जानी-मानी अभिनेत्री हेमा मालिनी को फिर से मथुरा से टिकट दी है। वहीं दूरदर्शन के रामायण सीरियल में घर-घर में पहचान बनाने वाले और भगवान श्रीराम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल को मेरठ से टिकट दिया है। बॉलिवुड अभिनेत्री कंगना रनौत को हिमाचल प्रदेश के मंडी लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया गया है। भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में सिंगर और अभिनेता के रूप में नाम कमा चुके मनोज तिवारी को बीजेपी ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली से उम्मीदवार बनाया है, वह यहां से मौजूदा सांसद भी हैं। वहीं बॉलीवुड और भोजपुरी फिल्मों में काम कर चुके रवि किशन को गोरखपुर सीट से फिर से टिकट दिया गया है, वह गोरखपुर से ही मौजूदा सांसद हैं। सांसद और भोजपुरी फिल्मों के अभिनेता दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ को आजमगढ़ से उम्मीदवार बनाया गया है। दिनेश लाल 2022 में इस सीट पर उपचुनाव जीते थे। बीजेपी ने बंगाल की हुगली सीट से मौजूदा सांसद लॉकेट चटर्जी को फिर उम्मीदवार बनाया है, वह पूर्व में बंगाली फिल्मों में काम कर चुकी हैं। बीजेपी ने मशहूर गायक और दक्षिण भारतीय फिल्मों में काम करने वाले सुरेश गोपी को केरल के त्रिशूर से टिकट दिया है।

तृणमूल कांग्रेस ने शत्रुघ्न सिन्हा को आसनसोल सीट से टिकट दिया है। शत्रुघ्न सिन्हा ने अपने करियर की शुरुआत साल 1992 में दिल्ली उपचुनाव से की थी, हालांकि उस समय उन्हें राजेश खन्ना के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। यहां से हारने के बाद शत्रुघ्न सिन्हा ने बिहार से लोकसभा चुनाव लड़ा और जीत दर्ज की, इसके बाद शत्रुघ्न सिन्हा कई बार सांसद रह चुके हैं। टीएमसी ने अभिनेता से नेता बनीं और हुगली लोकसभा क्षेत्र से रचना बनर्जी को मैदान में उतारा है। बंगाली फिल्म इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्री रचना बनर्जी बीजेपी की सांसद लॉकेट चटर्जी के खिलाफ चुनाव लड़ेंगी। अभिनेत्री रचना की ओर से होस्ट किए जा रहे शो दीदी नंबर-1 बहुत लोकप्रिय रहा है। रचना बनर्जी तमिल, तेलुगु, बंगाली और उड़िया फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। ममता बनर्जी ने मिमी चक्रवर्ती और नुसरत जहां जैसे मौजूदा सांसदों को टिकट नहीं दिया है।



# पंजाब के खिलाफ लखनऊ को जीत के लिए करने होंगे ऑलराउंडर प्रयास

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** केएल राहुल की अगुआई वाली लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम जब शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दूसरे मैच में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी तो उसकी निगाहें हर विभाग में बेहतर प्रदर्शन करने पर लगी होंगी।

लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को चंडीगढ़ में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पहले मैच में 20 रन से हार का सामना करना पड़ा था। इस मैच में क्रुणाल पंड्या को छोड़कर लखनऊ के सभी गेंदबाजों ने रन लुटाये थे और वे प्रभावित नहीं कर सके। मार्क वुड और डेविड विली की अनुपस्थिति में एलएसजी के तेज गेंदबाज कमजोर दिखे जिसमें मोहसिन खान, नवीन उल हक और यश ठाकुर से जिम्मेदारी उठाने की उम्मीद थी।

आगामी टी20 विश्व कप टीम में जगह बनाने की मुहिम में जुटे रवि बिश्नोई टीम के आईपीएल में शुरूआती मैच में साधारण दिखे। कप्तान राहुल ने भी टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए विकेटकीपर बल्लेबाज की भूमिका निभाने का फैसला किया और वापसी वाले मैच में 58 रन की पारी खेली जिससे वह अगले मैच में इससे और बेहतर करना चाहेंगे। साथ ही वह उम्मीद करेंगे कि उनकी सलामी जोड़ीदार क्विंटन डिकॉक पंजाब किंग्स के खिलाफ अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में वापसी करे। टीम को देवदत्त पडीक्कल, आयुष बडोनी, दीपक हुड्डा और क्रुणाल से भी निचले क्रम में अच्छे प्रदर्शन की आसहोगी।

एलएसजी की सफलता आस्ट्रेलियाई आल राउंडर मार्कस स्टोइनिस की फॉर्म पर भी निर्भर होगी जो पिछले साल 408 रन बनाकर टीम के लिए सर्वाधिक रन जुटाने वाले खिलाड़ी रहे थे। वहीं पंजाब किंग्स ने अभी तक दो में एक में जीत हासिल की जबकि एक में उसे हार मिली। शिखर धवन की अगुआई वाली टीम को पावरप्ले में रन गति में तेजी लाने की जरूरत है और ऐसा तभी होगा जब पहले दो मैच में विफल रहने वाले जॉनी बेयरस्टो धमाकेदार बल्लेबाजी करें।

सिर्फ आईपीएल में खेलने वाले धवन को भी आगे अपने स्ट्राइक रेट में तेजी लाने की जरूरत है। उन्होंने खुद ही स्वीकार किया था कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ बल्लेबाजी धीमी रही थी। प्रभसिमरन सिंह अच्छी शुरूआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाये हैं। वहीं आल राउंडर सैम करन ने दोनों मैच में बल्ले से अपना कौशल दिखाया है लेकिन वह गेंदबाजी में ऐसा कमाल नहीं कर पाये हैं। उप कप्तान जितेश शर्मा भी टी20 विश्व कप के लिए टीम में जगह बनाने की कोशिश में जुटे हैं लेकिन राष्ट्रीय चयनकर्ताओं को लुभाने के लिए उन्हें भी अच्छा प्रदर्शन दिखाना होगा।

तेज गेंदबाजी विभाग में कागिसो रबाडा को करन, अर्शदीप सिंह और हर्षल पटेल से और अधिक सहयोग की उम्मीद होगी। बायें हाथ के स्पिनर हरप्रीत बरार प्रभावी रहे जबकि लेग स्पिनर राहुल चाहर को अच्छी गेंदबाजी करनी होगी।



### टीम

**लखनऊ सुपर जाइंट्स-** केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डी कॉक, निकोलस पूरण, आयुष बडोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन-उल-हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के. गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम. सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मोहम्मद अरशद खान

**पंजाब किंग्स-** शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व तायडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम करन, कागिसो रबाडा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया , विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी, रिले रोसोऊ।

# बोपन्ना-इबडेन की जोड़ी मियामी ओपन के फाइनल में पहुंची, इवान-ऑस्टिन से होगा खिताबी मुकाबला



**मियामी (एजेंसी)।** भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू इबडेन की जोड़ी ने यहां मार्सेल ग्रैनोलर्स और होरासियो जेबालोस पर सीधे सेट में जीत से मियामी ओपन के पुरुष युगल फाइनल में प्रवेश किया।

ऑस्ट्रेलियाई ओपन के विजेता बोपन्ना और इबडेन को गुरुवार रात सेमीफाइनल में स्पेन के ग्रैनोलर्स और अर्जेंटीना के जेबालोस की जोड़ी पर 6-1 6-4 की जीत के दौरान जरा भी पसीना नहीं बहाना पड़ा। फाइनल में बोपन्ना और इबडेन का सामना क्रोएशिया के इवान डोडिग और अमेरिका के ऑस्टिन क्राजिसेक की जोड़ी से होगा जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में जर्मनी के केविन क्रावेट्ज और टिम पुट्ज की जोड़ी को 6-4 6-7(7) 10-7 से मात दी।

बोपन्ना दुबई चैम्पियनशिप के क्वार्टरफाइनल में मिली हार और इंडियन वेल्स मास्टर्स के राउंड 32 से बाहर होने से युगल रैंकिंग में दूसरे स्थान पर खिसक गये थे लेकिन इस जीत से उन्हें सोमवार को अपडेट होने वाली रैंकिंग में फिर से शीर्ष स्थान पर पहुंचने में मदद मिलेगी। आस्ट्रेलियाई ओपन की जीत के बाद 44 वर्षीय बोपन्ना एटीपी रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज होने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए थे।

बोपन्ना के लिए यह उनका 14वां एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल और मियामी का पहला फाइनल होगा। यह उनका एटीपी टूर स्तर का 63वां फाइनल होगा। वह अभी तक 25 युगल खिताब जीत चुके हैं। बोपन्ना और इबडेन की जोड़ी का यह एटीपी मास्टर्स 1000 का पांचवां फाइनल होगा। बोपन्ना ने साथ ही एक और उपलब्धि भी अपने नाम की, वह लिएंडर पेस के बाद सभी नौ एटीपी मास्टर्स टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय बन गए।

# यह शायद मेरा सर्वश्रेष्ठ आखिरी ओवर था, दिल्ली के खिलाफ जीत के बाद बोले आवेश खान

**जयपुर (एजेंसी) ।** राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज आवेश खान को लगता है कि आईपीएल मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ उन्होंने जो आखिरी ओवर फेंका था वह शायद डेथ ओवरों में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास था। भारत के तेज गेंदबाज को गुरुवार रात आखिरी ओवर में 17 रनों का बचाव करना था और वह एक के बाद एक यॉर्कर डालते हुए आराम से ऐसा करने में सफल रहे। दिल्ली उस ओवर में केवल चार रन ही बना सकी जिससे घरेलू टीम की 12 रन से जीत सुनिश्चित हो गई। सीजन में, लखनऊ सुपर जाइंट्स ने आवेश को रॉयल्स के साथ ट्रेड किया था। आवेश ने कहा, 'यह पहली बार नहीं है कि मैंने आखिरी ओवर फेंका है। पिछले साल मैंने राजस्थान के खिलाफ बचाव किया था। जब मैं दिल्ली के लिए खेला था (वहां आखिरी ओवर भी फेंका था), यह मेरा सर्वश्रेष्ठ ओवर था। सभी गेंदें एक ही स्थान पर थीं, वाइड यॉर्कर।' 27 वर्षीय खिलाड़ी ने यह भी बताया कि जब वह एलएसजी के लिए आए थे तो पिछले सीज़न की तुलना में उनकी भूमिका कैसे बदल गई है। उन्होंने कहा, 'लखनऊ और डीसी में मैं पहले एक ओवर या पावरप्ले में दो ओवर गेंदबाजी करता था। यहां मैं पावरप्ले के बाद दो ओवर गेंदबाजी करता हूं और डेथ ओवर में भी मुझे गेंदबाजी करने का मौका मिलता है। टीम प्रबंधन और संजू (सैमसन) गेंदबाजी करने की आजादी देते हैं। योजनाएं और उससे मदद मिल रही है। संजू गेंदबाजों के कप्तान हैं।' अवेश ने कहा, 'आज रात कोई ओस कारक नहीं था और इससे मुझे सटीक होने में मदद मिली। ओस कभी-कभी प्रभावित कर सकती है।'



# हैदर नाइट और नेट साइवर के दम पर इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को 5 विकेट से हराया

**वेलिंगटन (एजेंसी)।** कप्तान हैदर नाइट की 35 रनों की पारी और नेट साइवर ब्रंट हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर इंग्लैंड की महिला टीम ने शुक्रवार को खेले गये पांचवें टी-20 मुकाबले में न्यूजीलैंड की महिला टीम को पांच विकेट से हराकर सीरीज 4-1 से जीत ली है। इंग्लैंड की टीम ने 137 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए तीसरे ओवर में माया बूशेर छह रन का विकेट खोया। आठवें ओवर में ऐलिस कैप्सी भी 25 रन और उसके बाद डेनिएल वायट ने 21 रन बनाकर आउट हो गई। उस समय टीम का स्कोर तीन विकेट पर 64 रन था।

नेट साइवर ब्रंट और कप्तान हैदर नाइट ने पारी को संभालते हुए स्कोर को 121 रन तक ले गई। ब्रंट ने 27 गेंदों में 31 रन बनाये। वहीं हैदर नाइट ने टीम के लिए 28 गेंदों मे सर्वाधिक 35 रनों की पारी खेली। एमी जोंस और सोफिया डंकली छह-छह रन बनाकर नाबाद रही। इंग्लैंड ने 18.5 ओवर में पांच विकेट पर 138 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। न्यूजीलैंड की ओर से एमेलिया केर ने तीन विकेट लिए। लियाह तहुहू और रोजमेरी मेयर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। न्यूजीलैंड की महिला टीम ने आज यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही और उसने अपने चार विकेट 31 के स्कोर पर गवां दिए। सूजी बेट्स 11 रन, बर्नडीन बिजुदिनाउट एक रन, कप्तान एमेलिया केर पांच रन, जॉर्जिया प्लिमर 12 रन, और मैडी ग्रीन 10 रन बनाकर आउट हुई। ब्रूक हैलिडे और इसाबेला गेज ने न्यूजीलैंड की पारी को संभाला और छठे विकेट लिये 56 रनों की साझेदारी की। यह न्यूजीलैंड की ओर से छठे विकेट के लिये सबसे बड़ी साझेदारी है। हैलिडे ने 33 रन बनाए। गेज ने 28 गेंदों में छह चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 51 रनों की पारी खेली। जेस केर छह रन बनाकर नाबाद रही। न्यूजीलैंड की टीम ने गेज की शानदार पारी की बदौलत निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 136 रनों का स्कोर खड़ा किया। इंग्लैंड की ओर से सोफी एकल्सटन ने तीन विकेट लिये। नेट साइवर ब्रंट को दो विकेट मिले। शार्लेट डीन ने एक बल्लेबाज को आउट किया।



# एंडी मरे मोंटे कार्लो और म्यूनिख में क्ले कोर्ट टूर्नामेंट नहीं खेलेंगे

लंदन - एंडी मरे मियामी ओपन मे लगी टखने की चोट के कारण लंबे समय तक टेनिस से दूर रहेंगे जिससे तीन बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन की प्रबंधन टीम ने शुक्रवार को पुष्टि की कि वह मोंटे कार्लो और म्यूनिख में आगामी क्ले कोर्ट टूर्नामेंट में नहीं खेल पाएंगे। मोंटे कार्लो मास्टर्स सात अप्रैल से शुरू होगा जबकि म्यूनिख में बीएमडब्ल्यू ओपन अगले हफ्ते से खेला जाएगा। मियामी ओपन के एक मैच के दौरान रविवार को उनके बाएं टखने की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था और इस 36 साल के खिलाड़ी ने अगले दिन घोषणा की कि वह लंबे समय तक टेनिस नहीं खेल पाएंगे। उनकी प्रबंधन टीम के बयान के अनुसार, 'इस समय अभी तक स्पष्ट नहीं है कि एंडी कितने लंबे समय तक टेनिस से दूर रहेंगे। वह अपनी चिकित्सा टीम के साथ विकल्पों की समीक्षा जारी रखेंगे।' इसमें कहा गया, 'निश्चित रूप से यह एंडी के लिए बहुत ही निराशाजनक खबर है और उन्होंने दोहराया है कि वह जितना जल्दी हो सके कोर्ट पर वापसी करने के इच्छुक हैं।' मरे रविवार को टोमास माचाक के खिलाफ मैच में टखना मुड़ा बैठे थे और यह मुकाबला 5-7, 7-5, 7-6(5) से हार गए थे।

# दूसरी हार के बाद मुंबई इंडियंस के कप्तान ने खिलाड़ी में भरा जोश



हैदराबाद। आईपीएल मैच में इंडियन सनराइजर्स हैदराबाद से हारने के बाद मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने अपनी टीम का आत्मविश्वास बढ़ाने की कोशिश की। हार्दिक ने सोशल मीडिया हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें उन्होंने टीम की लगातार दूसरी हार के बाद अपनी टीम को हिम्मत दी है और लिखा कि टीम से बुरी या अच्छी स्थिति में एक-दूसरे की मदद करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सबसे कठिन सैनिकों की ही सबसे कठिन परीक्षा होती है। हार्दिक ने कहा कि सबसे कठिन सैनिकों को सबसे कठिन परीक्षा मिलती है, हम इस टूर्नामेंट में सबसे कठिन टीम हैं, कोई भी जो बल्लेबाजी समूह के रूप में हम जहां तक ??पहुंचे है उसके करीब पहुंच सकता है या कुल मिलाकर हम ही हैं - आइए यह तय करें कि हम एक-दूसरे की मदद करेंगे; खराब या अच्छा। हम साथ रहेंगे। बुधवार को इंडियन सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेले मैच में मुंबई इंडियंस 31 रन से हार गया था। यह उसकी दूसरी हार थी। वहीं सचिन तेंदुलकर ने कहा कि मैच को लेकर कहा मैच अच्छा हुआ, भले ही मुंबई ने 277 रन दिए। उन्होंने कहा कि मुंबई ने अपनी पारी में अच्छी बल्लेबाजी की। तेंदुलकर ने कहा कि दूसरे हाफ में, 277 रन बनाने के बावजूद 10 ओवरों में कोई नहीं जानता था कौन जीतेगा। लक्ष्य हासिल किया जा सकता था। यह भी साफ है कि मुंबई इंडियंस ने अच्छी बल्लेबाजी की। सभी खिलाड़ी मजबूती से एक साथ रहें। अभी और भी कठिन क्षण आने वाले हैं, हम एक साथ रहेंगे और इसे आगे बढ़ाएंगे।

# शॉ को टीम से बाहर करने पर नाराज हुआ ये पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर

**नई दिल्ली (एजेंसी) ।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर टॉम मूडी ने कहा कि विकेटकीपर-बल्लेबाज पृथ्वी शॉ को दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) की प्लेइंग इलेवन से बाहर करने का कोई मतलब नहीं है। इतना ही नहीं उन्होंने सुझाव दिया कि डीसी को आगामी मैचों के लिए शॉ का चयन करना चाहिए। मूडी ने बताया कि जबकि शॉ हाल के सीजन में अप्रभावी रहे हैं, उनके अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट अनुभव को देखते हुए रिकी भुई के स्थान पर उन्हें चुनना अधिक प्रशंसनीय विकल्प है।

मूडी ने कहा, इसका कोई मतलब नहीं है, क्योंकि आपके पास डगआउट में एक भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी (पृथ्वी शॉ) है। हां, मैं मानता हूं कि शॉ ने आईपीएल में वैसा प्रदर्शन नहीं किया जैसा हम सभी को उम्मीद थी कि वह करेगा, लेकिन उम्मीद है कि वह रन बनाएगा। वह डगआउट से रन नहीं बना पाएगा। शॉ को इस सीजन में दिल्ली के पहले दो मैचों के लिए बाहर कर दिया गया था। घरेलू क्रिकेट स्टार रिकी भुई ने अपने मौकों का फायदा नहीं उठाया और पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) और राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ क्रमशः 3 और 0 रन बनाए।

इसके साथ एक अन्य भारतीय खिलाड़ी वसीम जाफर ने इस पर आश्चर्य व्यक्त किया कि आईपीएल 2024 मिनी-नीलामी के लिए रखने के बावजूद दिल्ली ने शॉ को नहीं खिलाया। डीसी के शुरुआती दो मुकाबलों में इस आक्रामक सलामी बल्लेबाज को बाहर किए जाने के जवाब में वसीम ने कहा, अब जब उन्होंने उस पकड़ लिया है और उस नीलामी में नहीं जाने दिया है, तब मुझे आश्चर्य है कि वे उस नहीं खिला रहे हैं। वह ज्यादातर समय मुंबई के लिए खेला है। आप कल्पना करेंगे कि वह फिट है। मैं आश्चर्यचकित हूं। उसे दंडित करना और फिर गेम हारना आगे बढ़ने का तरीका नहीं है। शॉ को आईपीएल 2023 में घटिया प्रदर्शन के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा। उन्होंने आठ पारियों में 13.25 की औसत से 106 रन बनाए।

ऋषभ पंत की अगुवाई वाली टीम आईपीएल 2024 में अपना खाता खोलने के लिए बेताब है और अब उनका अगला मुकाबला रविवार को मौजूदा चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से होगा।




# फ्रांस ने पेरिस ओलंपिक के लिए विदेशी पुलिस और सैन्य मदद मांगी

पेरिस। फ्रांस का कहना है कि उसने 46 देशों से पूछा है कि क्या वे इन गर्मियों में पेरिस ओलंपिक की सुरक्षा में मदद के लिए दो हजार से अधिक पुलिस अधिकारी मुहैया कराने के लिए तैयार हैं। आयोजक संभावित हमलों के खिलाफ कड़ी सतर्कता बरतते हुए एक सदी में फ्रांसीसी राजधानी के पहले खेलों के लिए सुरक्षा योजना को अंतिम रूप दे रहे हैं। आंतरिक मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि विदेशी सुरक्षा सहायता के लिए अनुरोध जनवरी में किया गया था जिसमें लगभग दो हजार 185 सुरक्षाकर्मियों की मांग की गई थी। मंत्रालय ने कहा कि अधिकारियों से खेलों की सुरक्षा और 'दर्शकों के अनुभव' तथा 'अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने' में मदद मांगी गई है। मंत्रालय ने कहा, 'यह प्रमुख अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों के आयोजन के लिए मेजबान देशों का एक सामान्य दृष्टिकोण है।' इसमें कहा गया है कि फ्रांस ने 2022 में कतर में फुटबॉल विश्व कप में अपने 200 जवानों को भेजा था और पिछले साल फ्रांस द्वारा आयोजित रग्बी विश्व कप की सुरक्षा के लिए यूरोपीय देशों के 160 सुरक्षाबल आए थे। इसके अलावा सेना के जनरल स्टाफ के प्रवक्ता कर्नल पियरे गौडिलियेर ने कहा कि फ्रांसीसी रक्षा मंत्रालय ने अन्य देशों से 'छोटी संख्या' में सैन्य कर्मियों की मांग की है जो खोजी कुत्तों की टीमों सहित खेलों में 'बहुत विशिष्ट' कार्यों में मदद कर सकें। पोलैंड के रक्षा मंत्री ने कहा कि उनका देश पेरिस खेलों के लिए सैनिक भेजेगा।

# तीनों प्रारूपों के साथ ही लीग क्रिकेट में नाम कमाना चाहते हैं शमार जोसेफ

**जमैका (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमार जोसेफ ने कहा है कि वह तीनों ही प्रारुपों में अपनी टीम की ओर से खेलना चाहते हैं। जोसेफ के अनुसार इसी लिए वह अपनी फिटनेस को बनाये रखने का प्रयास करते हैं। इस तेज गेंदबाज ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चोटिल होने के बाद भी गाबा टेस्ट में सात विकेट लेकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। जोसेफ के अनुसार वह तीनों प्रारूपों के साथ ही विश्वभर की टी20 लीग में भी खेलना चाहते हैं। वेस्टइंडीज के कई खिलाड़ियों की तरह ही वह भी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) और बिग बैश जैसे टी20 लीग में बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं। आईपीएल लखनऊ सुपर जायंट्स टीम में मार्क वुड के विकल्प के तौर पर शामिल जोसेफ ने कहा कि मैं अपने कौशल को बढ़ाने के लिए दुनिया भर में खेलना पसंद करूंगा पर मुझे जब भी अवसर मिलेगा मैं वेस्टइंडीज की ओर से खेलने के लिए भी तैयार रहूंगा।



जोसेफ ने कहा कि अगले कुछ साल में उनकी फिटनेस से यह साबित होगा कि वह कितना क्रिकेट खेल पाएंगे। उन्होंने कहा कि मुझे अपनी फिटनेस पर भरोसा है और लगता नहीं है कि इससे मुझे कोई परेशानी होगी। मेरे सामने लंबा करियर है और ऐसे में फिटनेस काफी अहम होगी। मैं वेस्टइंडीज के लिए तीनों प्रारूपों में खेलना चाहूंगा। मैं निश्चित तौर पर उनके लिए समय निकालूंगा। उन्होंने अब तक के अपने करियर में गयाना अमेजन वॉरियर्स के लिए केवल दो टी20 मैच खेले हैं पर आईपीएल में उन्हें इस प्रारूप की बारिकियों को सीखने का अवसर मिलेगा। जोसेफ ने कहा कि यह लाल गेंद से सफेद गेंद क्रिकेट में अपने को ढालने के बारे में है। इसमें कुछ अन्य बदलाव भी होंगे और मुझे मिलने वाले हर अवसर से सीखने को मिलेगा। मैंने टेस्ट खेलने का आनंद लिया और अब मैं अपने सफेद गेंद के खेल में सुधार करूंगा। इस तेज गेंदबाज ने कहा कि मैं सभी अनुभवी खिलाड़ियों से बात कर रहा हूं, अनुभवी खिलाड़ियों से सीख रहा हूं और इस पल का आनंद ले रहा हूं।

जोसेफ को इस बात की खुशी है कि वह आईपीएल के दौरान जस्टिन लैंगर के इर्द गिर्द रहेंगे। उन्होंने कहा कि उन दिग्गजों और खिलाड़ियों के बीच रहना हमेशा बहुत अच्छा लगता है जो आपको प्रेरित करते हैं।

# आयरलैंड में टी20 श्रृंखला खेलेगा पाकिस्तान, पीसीबी ने जारी किया शेड्यूल

इस्लामाबाद : पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शुक्रवार को आयरलैंड के साथ तीन टी-20 मैचों की श्रृंखला की तारीखों का ऐलान कर दिया है। पीसीबी की घोषणा के अनुसार तीनों मुकाबले 10 से 14 मई तक डबलिन के कैसल एवेन्यू में खेले जाएंगे। इससे पहले दोनों देशों के बीच 2009 में टी-20 मैच खेला गया था। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) एक रिपोट में कहा गया है कि जुलाई 2020 में दो देशों के बीच टी-20 श्रृंखला निर्धारित की गई थी, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण यह दौरा नहीं हो सका था। पाकिस्तान, अमेरिका और वेस्ट इंडीज में होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप 2024 के लिए अपनी तैयारी के मद्देनजर अपनी फॉर्म को बेहतर बनाने के लिए 12 टी-20 मैच खेलेगा। द मेन इन ग्रीन में पाकिस्तान के साथ 18 अप्रैल से शुरू होने वाली पांच टी-20 मैचों की श्रृंखला की न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगा। आयरलैंड श्रृंखला के बाद पाकिस्तान 22 से 28 मई के बीच इंग्लैंड के साथ चार मैच खेलेगा।




# नीरज चोपड़ा 10 मई को दोहा डायमंड लीग से करेंगे सत्र का आगाज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा 10 मई को दिग्गज खिलाड़ियों के बीच प्रतिष्ठित डायमंड लीग सीरीज के दोहा चरण में अपने सत्र की शुरुआत करेंगे। छब्बीस साल के चोपड़ा ने पिछले सत्र का समापन चीन के हांगझोउ में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक के साथ किया था। इस साल उनका लक्ष्य पेरिस में अपने ओलंपिक स्वर्ण का बचाव करने का होगा।

चोपड़ा के अलावा भारतीय खिलाड़ी किशोर जेना भी कतर की राजधानी में होने वाले डायमंड लीग चरण में पदार्पण करेंगे। जेना 2023 बुडापेस्ट विश्व चैंपियनशिप में पांचवें स्थान पर रहे और उन्होंने हांगझोउ में 87.54 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ के साथ रजत पदक जीता था। चोपड़ा का मुकाबला चेक गणराज्य के जैकब वडलेज्च और ग्रेनेडा के पूर्व विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स जैसे प्रतिद्वंद्वियों से होगा। वडलेज्च तोक्यो ओलंपिक में रजत और 2023 विश्व चैंपियनशिप में कांस्य जीता था।


चोपड़ा ने कहा कि इस साल, मेरा व्यक्तिगत लक्ष्य अपने ओलंपिक खिताब की रक्षा करना है, लेकिन 90 मीटर की बाधा को पार करना भी मेरे लिए बहुत मायने रखेगा। दोहा चरण में अच्छी परिस्थितियों और शानदार माहौल के बीच सत्र को बेहतरीन तरीके से शुरू करने का अच्छा मौका होगा। चोपड़ा का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 89.94 मीटर है। उन्होंने कहा कि मैं दुनिया भर में और कतर में भारतीयों से मिलने वाले गर्मजोशी भरे समर्थन से हमेशा अभिभूत रहता हूं। मैं भाग्यशाली महसूस करता हूं कि इतने सारे लोग मेरा समर्थन करने आते है। मुझे उम्मीद है कि मैं अच्छे प्रदर्शन के साथ उनके विश्वास का बदला चुका सकूंगा।

दोहा मीट 2024 डायमंड लीग सीरीज का तीसरा चरण है। डायमंड लीग 4 अलग-अलग महाद्वीपों में कुल 15 चरण में आयोजित होता है। इसका आगाज 20 अप्रैल को जियामेन से हुआ जबकि ब्रुसेल्स (13-14 सितंबर) में इसके आखिरी चरण का आयोजन होगा। जियामेन और शंघाई में आयोजित पहली 2 डायमंड लीग चरण में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा को शामिल नहीं किया गया था।




# पूजा वस्त्राकर ने पहले शेयर की पीएम मोदी-शाह से जुड़ी विवादित पोस्ट, डिलीट कर मांगी माफी

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट महिला टीम की ऑलराउडंर पूजा वस्त्राकर के इंस्टाग्राम से शुक्रवार को वसूली टाइटंस शीर्षक से एक पोस्ट शेयर हुई है। इस विवादित पोस्ट में पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, जेपी नड्डा और बीजेपी के कई नेता नजर आ रहे थे। हालांकि, जैसे ही ये पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हुई इसे तुरंत डिलीट कर दिया गया। फिर भी यूजर्स ने इसका स्क्रीनशॉट ले लिया और अब पूजा ट्रोल होने लगी। हालांकि, पूजा ने इसके लिए माफी भी मांगी है। इस पोस्ट को लेकर सोशल मीडिया पर लोग दो धड़ में बंट गए हैं। जहां एक तरफ कुछ लोग इसे सराह रहे हैं तो कुछ ने पूजा वस्त्राकर को इसके लिए ट्रोल करना शुरु कर दिया है।



# बुच्ची बाबू सना के साथ होगी रामचरण की अगली फिल्म

साउथ के सुपर स्टार राम चरण ने अपने फैंस के साथ साझा किया था कि बुच्ची बाबू सना के साथ उनके प्रोजेक्ट के बाद उनकी यह अगली फिल्म होगी। राम चरण ने होली के मौके पर इस खुशखबरी को फैंस के साथ शेयर किया है। उनके साथ एसएस राजामौली के बेटे एसएस कार्तिकेय ने भी ट्विटर पर इस बारे में विस्तार से बताया है। इसके साथ ही उन्होंने बताया है कि वह कैसे इस फिल्म की घोषणा के लिए कैसे बेताब बैठे थे। राम चरण के पोस्ट को रिपोस्ट करते हुए कार्तिकेय ने लिखा कि जब वह आरआरआर की शूटिंग कर रहे थे, तब एक्टर (राम चरण) ने उनसे उनकी अगली फिल्म के शुरुआती सीक्वेंस के बारे में बात की थी। उन्होंने लिखा- मुझे लगता है कि आरआरआर के क्लाइमेक्स शूट के दौरान, उन्होंने अचानक ही सुकुमार गरु के साथ एक फिल्म करने के बारे में खुलकर अपनी भावनाएं शेयर किया था और फिल्म के शुरुआती सीक्वेंस के बारे में बात करना शुरू कर दिया। लगभग 5 मिनट तक मेरा दिमाग चकरा गया। उन्होंने अपनी पोस्ट में आगे बताया है कि वह इस बात कितना प्रभावित है। उनका कहना है कि तब से लेकर अभी तक वह फिल्म की घोषणा का इंतजार कर रहे थे ताकि वह इसके बारे में बात कर सकें। उन्होंने लिखा- जब से उन्होंने इसका उल्लेख किया है, मैं फिल्म की घोषणा का इंतजार कर रहा हूं। पहले से ही इसे एक ब्लॉकबस्टर के रूप में कल्पना करते हुए। यह एक शानदार सीक्वेंस से एक बन जाएगा। मुझे उम्मीद है कि मैं इसके बारे में ज्यादा कुछ लीक नहीं करूंगा भाई ऑलवेज रामचरण। राम को यूं तो कई फिल्मों से बंपर सफलता मिली है लेकिन जिस फिल्म ने उन्हें एक नई रोशनी में दिखाया और उनके करियर की दिशा बदल दी वह सुकुमार की 2018 की फिल्म रंगस्थलम थी। उन्होंने फिल्म में चित्ती बाबू नाम के एक बहरे व्यक्ति की भूमिका निभाई थी, जिसका जीवन तब उलट-पुलट हो जाता है जब वह अपने भाई की मृत्यु देखता है। यह फिल्म राम और सुकुमार दोनों को जबरदस्त सफलता दिलाई थी। राम फिलहाल शंकर की 'गेम चेंजर' की शूटिंग कर रहे हैं जिसमें वह एक आईएएस अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं। अभिनेता ने हाल ही में कियारा आडवाणी के साथ फिल्म के लिए विशाखापत्तनम में शूटिंग की। वह जल्द ही डायरेक्टर बुच्ची बाबू सना और जाह्नवी कपूर के साथ एक फिल्म की शूटिंग करेंगे।




# स्पोर्ट्स ड्रामा चंदू चैंपियन में नजर आएंगे कार्तिक

अपकमिंग स्पोर्ट्स ड्रामा चंदू चैंपियन में एक्टर कार्तिक आर्यन प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। कार्तिक ने इसके लिए 14 महीने तक बॉक्सिंग की ट्रेनिंग ली। एक्टर फिल्म में पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता की भूमिका में नजर आएंगे। अपने किरदार में पूरी तरह ढलने के लिए कार्तिक ने एक सख्त फिटनेस गाइडलाइन का पालन किया। इसके लिए एक ?टर ने अपना 20 किलो तक वजन भी कम किया। इसके साथ ही उन्?होंने अपने खाने-पीने का भी ध्यान रखा, जिसमें उन्होंने चीनी को पूरी तरह से छोड़ दिया। फिल्म का कैनवास भी काफी बड़ा है। इसकी शूटिंग भारत और यूके में की गई है। यह पहली बार है जब एक्टर ने इतनी शारीरिक रूप से मांग वाली भूमिका में कदम रखा है, यह देखते हुए कि यह मुरलीकांत पेटकर पर आधारित है।
सत्यप्रेम की कथा पर उनके आखिरी सफल सहयोग के बाद निर्माता साजिद नाडियाडवाला के साथ कार्तिक फिर वापस आए हैं। साजिद नाडियाडवाला और कबीर खान द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित, चंदू चैंपियन 14 जून, 2024 को सिनेमाघरों में आने के लिए तैयार है।चंदू चैंपियन का निर्देशन बजरंगी भाईजान, एक था टाइगर, न्यूयॉर्क और 83 जैसी फिल्मों के लिए मशहूर कबीर खान ने किया है।


# अदा शर्मा ने शेयर किया फिटनेस मंत्र

एक्ट्रेस अदा शर्मा ने फिटनेस मंत्र शेयर करते हुए कहा है कि यह मजेदार होना चाहिए और दोस्तों के साथ वर्कआउट करना सबसे अच्छा है। अदा ने न्यूज एजेंसी से कहा, 'वर्कआउट हमेशा मजेदार होना चाहिए और दोस्तों के साथ वर्कआउट करना सबसे अच्छा रहता है।' 31 वर्षीय एक्ट्रेस ने हाल ही में हाथियों को नहलाते हुए अपना एक वीडियो शेयर किया और कैप्शन में लिखा, 'यह होली के बाद वाला वर्कआउट है।' एक्ट्रेस ने कहा, 'हाथी मेरे दोस्त हैं और उन्हें नहलाना पूरे शरीर का वर्कआउट है, जिसमें एक घंटा लगता है। इससे कंधों से लेकर बाइसेप्स, ग्लूट्स और टांगों तक सभी की कसरत होती है।' अदा ने कहा कि वर्कआउट के अलावा डाइट भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। 'यह वर्कआउट पूरी तरह से क्रंचेज और लेग रेज और वेट लिफ्टिंग के बराबर है। फिटनेस में डाइट अहम भूमिका निभाती है। मैं भी अपने दोस्त हाथियों की तरह शुद्ध शाकाहारी हूं।' वर्कफ्रंट की बात करें तो अदा को अब से पहले 'सनफ्लावर सीजन 2' और 'बस्तर : द नक्सल स्टोरी' में देखा गया था। वह जल्द ही 'द गेम ऑफ गिरगिट' में नजर आएंगी।



# नवाजुद्दीन और आलिया करना चाहते हैं सुलह

बालीवुड एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दिकी और आलिया सिद्दिकी अब अपनी शादी की सुलह करना चाहते हैं। उनकी उतार-चढ़ाव भरी यात्रा अब एक सुलगाव की राह पर बढ़ती दिख रही है। बालीवुड कपल को लेकर एक नया अपडेट आया है।
हाल ही में आलिया सिद्दीकी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक वीडियो साझा किया जिसमें नवाजुद्दीन सिद्दीकी और उनके बच्चों के यादगार पलों को शेयर किया है।आलिया ने लेटेस्ट लिंक अपनी 14वीं शादी की सालगिरह के मौके पर शेयर किया है। नवाजुद्दीन सिद्दीकी से अलग होने के बावजूद भी आलिया ने पति को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। आलिया ने 25 मार्च, 2024 अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर महीनों के अलगाव के बाद पहली पारिवारिक तस्वीर पोस्ट की है। तस्वीर में आलिया और नवाजुद्दीन अपनी बेटी शोरा और बेटे यानी के साथ पोज दे रहे हैं। यह तस्वीर उनके नए साल के जश्न के दौरान ली गई थी क्योंकि आलिया ने इस बात को बताते हुए एक हेडबैंड पहना था। फोटो के साथ आलिया ने नवाजुद्दीन को 14वीं सालगिरह की बधाई देते हुए एक नोट भी लिखा, मैं अपने इकलौते साथी के साथ वैवाहिक जीवन के 14 साल पूरे होने का जश्न मना रही हूं। सालगिरह की शुभकामनाएं। हालांकि, आलिया के स्वीट जेस्चर पर नवाजुद्दीन ने किसी तरह से भी सार्वजनिक तौर पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। बता दें कि दोनों के वैवाहिक यात्रा में कई उतार-चढ़ाव आए हैं और आलिया, नवाजुद्दीन पर कई तरह के संगीन आरोप लगा चुकी हैं। उन्होंने कई वीडियोज बनाकर उनकी इज्जत की धज्जियां उड़ाई थीं और अब अचानक उन्हें नवाजुद्दीन पर प्यार आ रहा है। आलिया और नवाजुद्दीन का मामला पुलिस केस और कोर्ट केस तक हो गया था।



मार्च, 2023 में वे आधिकारिक रूप से अलग भी हो गई थीं लेकिन अब वे अपनी 14वीं सालिगरह की बधाइयां दे रही हैं। आपको बता दें कि बिग बॉस ओटीटी 2 से बाहर आने के बाद आलिया ने नवाजुद्दीन के साथ अलगाव के फिर से नई जिंदगी शुरू करने का सोचा था। आलिया ने 5 जून 2023 को अपने नए प्यार के साथ एक तस्वीर पोस्ट की थी और उस फोटो में आलिया उस शख्स के साथ कॉफी पीते हुए नजर आ रही थीं। हालांकि अब ये पोस्ट इनके इंस्टा हैंडल से डिलीट हो चुका है लिहाजा वे फिर से नवाजुद्दीन के साथ वापस आना चाहती हैं। हालांकि, आलिया अब अपने नए पोस्ट को लेकर ट्रोल हो रही हैं। उनके पोस्ट पर एक यूजर ने लिखा, अगर आप अपने पति से प्यार करती हैं तो फिर उन्हें परेशान क्यों करती हैं। एक दूसरे यूजर ने लिखा, तो वो ड्रामा, जो लगाया था। एक यूजर ने ये पूछा कि क्या सुलह हो गया है अब। एक यूजर ने तो 'वक्त बदल गया, जज्बात बदल गए' वाला मीम भी शेयर किया। हालांकि, तमाम यूजर्स उन्हें मैरिज एनिवर्सरी की बधाइयां भी दे रहे हैं। अब देखना ये होगा कि क्या नवाज अपनी वाइफ को माफ करेंगे और उन्हें फिर स्वीकारेंगे, ये तो वक्त ही बताएगा। बता दें कि नवाजुद्दीन सिद्दीकी पिछले की दिनों से अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। पिछले साल से ही वे अपनी वाइफ से तलाक की खबरों को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। बीते साल ही उन्होंने अपने पति पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया था।

# मेरी ताकत आधी रह गई थी

सामंथा रुथ प्रभु ने अमेरिकी सीरीज 'सिटाडेल' के भारतीय रूपांतरण 'सिटाडेल : हनी बनी' पर काम करने के बारे में खुलकर बात की। सामंथा रुथ प्रभु ने अमेरिकी सीरीज 'सिटाडेल' के भारतीय रूपांतरण 'सिटाडेल : हनी बनी' पर काम करने के बारे में खुलकर बात की। अभिनेत्री ने कहा कि जब वह प्रशिक्षण ले रही थीं तब वह सबसे कमजोर थीं और उनकी ताकत 50 प्रतिशत तक कम हो गई थी। उन्होंने कहा कि 'सिटाडेल' के लिए प्रशिक्षण के दौरान मैं सबसे कमजोर स्थिति में थी। इसके अलावा, मुझे कैलोरी की कमी भी बनाए रखनी थी, क्योंकि मैं अपने शरीर को ठीक करने के लिए पर्याप्त समय देने की कोशिश कर रही थी।' ऑटो-इम्यून बीमारी मायोसाइटिस का पता चलने के बाद एक साल का ब्रेक लेने वाली सामंथा ने कहा, 'मेरी ताकत 50 प्रतिशत कम हो गई। यह एक लंबी प्रक्रिया थी और यह काफी कठिन थी।' 'सिटाडेल : हनी बन्नी' राज और डीके द्वारा बनाई गई है। इसमें सिकंदर खेर, के के मेनन, साकिब सलीम और एम्मा कैनिंग भी हैं।



# आडुजीविथम की हर तरफ हो रही चर्चा

आजकल आगामी फिल्म आदुजीविथम - द गोट लाइफ की हर ओर चर्चा है। हाल ही में पृथ्वीराज सुकुमारन अपनी आगामी फिल्म आदुजीविथम के प्रचार के लिए हैदराबाद में थे। इसी को लेकर उन्होंने खुलासा किया कि वे अपनी फिल्मों के लिए फीस लेना पसंद नहीं करते हैं, उन्होंने कहा कि अक्षय कुमार के नाम भी अपनी इस विचारधार में शामिल किया है। साथ ही दूसरी फिल्म इंडस्ट्री को लेकर भी अपने विचार व्यक्त किए हैं। पृथ्वीराज ने सिर्फ मलयालम ही नहीं बल्कि हिंदी, तमिल और तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में भी काम किया है। उनका कहना है कि अन्य फिल्म उद्योगों की तुलना में मॉलीवुड पारिश्रमिक के बजाय अपने बजट का एक बड़ा हिस्सा फिल्म निर्माण के लिए एलोकेट यानी बांटना पसंद करता है। अभिनेता ने कहा, मैं यह दावा नहीं करूंगा कि हम या कहें मलयालम फिल्म इंडस्ट्री किसी से बेहतर हैं। लेकिन विभिन्न इंडस्ट्रियों में काम करने के बाद, मुझे लगता है कि मलयालम सिनेमा में पुराने वक्त से यह सुनिश्चित करने की परंपरा रही है कि बजट का सबसे बड़ा हिस्सा हमेशा फिल्म बनाने में खर्च हो। मैं अन्य उद्योगों में भी शामिल भी हो रहा हूं जहां फिल्म बनाई जाती है, जहां पर 75 करोड़ रुपए में से 55 करोड़ फीस अभिनेता की रहती। लेकिन परंपरागत रूप से मलयालम के साथ ऐसा कभी नहीं हुआ। अभिनेता ने अपना और अपने नाम शबाना और बड़े मियां छोटे मियां के को-स्टार अक्षय कुमार का उदाहरण देते हुए कहा कि वे पारिश्रमिक नहीं लेना पसंद करते हैं ताकि बजट की बाधाओं के कारण फिल्म निर्माण प्रक्रिया में बाधा न आए।उन्होंने कहा, उदाहरण के लिए, मैं वेतन के लिए फिल्में नहीं करता। मैं कहता हूं नहीं, आइए फिल्म को सबसे बेहतर तरीके से बनाएं। मैं जिम्मेदारी ले रहा हूं और खुद को जवाबदेह ठहरा रहा हूं। वे आगे कहते हैं, अगर मेरी कोई फिल्म मुनाफा नहीं कमाती तो मुझे कोई पैसा नहीं मिलता। लेकिन अगर इससे मुनाफा होता है, तो मुझे मेरी तनख्वाह से ज्यादा मिलेगा। इससे मदद मिलती है क्योंकि अगर किसी निर्माता के पास पैसा है, तो वह इसे फिल्म बनाने में खर्च कर रहा है। अक्षय कुमार सर जैसा कोई व्यक्ति भी इस तरह से काम करता है। जब मैंने उनके साथ एक फिल्म (सेल्फी) का निर्माण किया, तो उन्होंने कहा कि कोई वेतन नहीं। वर्कफ्रंट को लेकर बात करें तो पृथ्वीराज जल्द ही ब्लेसी की मलयालम फिल्म आडुजीविथम में दिखाई देंगे, जो अन्य भाषाओं में द गोट लाइफ के नाम से रिलीज होगी। यह फिल्म 28 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# सई ताम्हणकर ने की इमरान और प्रतीक गांधी की तारीफ



एक्टर इमरान हाशमी और प्रतीक गांधी के साथ एक्ट्रेस सई ताम्हणकर स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। जिन फिल्मों में एक साथ नजर आएंगी, वो फिल्में हैं ग्राउंड जीरो और अग्नि। इस बारे में सई ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वह अपने जैसे लोगों के लिए दरवाजे खोल रही हैं जो अपने सपनों को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। एक्सेल एंटरटेनमेंट के साथ एक बार फिर से काम करने को लेकर सई ने कहा, यह मेरे लिए बहुत ही शानदार एहसास है, क्योंकि एक्सेल एंटरटेनमेंट उन अग्रणी प्रोडक्शन हाउसों में से एक है जिसके साथ हर कोई काम करना चाहता है। मुझे उनके साथ तीन बार काम करने का मौका मिला, जिसमें डब्बा कार्टेल भी शामिल है। अपने सह-कलाकारों के बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस ने इमरान हाशमी और प्रतीक गांधी की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि दोनों ही कलाकार अद्भुत हैं। एक्ट्रेस सई ने कहा, उनके साथ काम करने का सौभाग्य पाकर मैं दर्शकों को वह जादू दिखाने के लिए उत्साहित हूं जो हमने साथ मिलकर बनाया है। यह आश्चर्यजनक लगता है और मुझे आशा है कि मैं अपने जैसे लोगों के लिए दरवाजे खोल रही हूं जो अपने सपने को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं और मुझे आशा है कि मैं ऐसा करना जारी रखूंगी।

# डीएम व पुलिस कमिश्नर ने किया मतदान बूथों का निरीक्षण



**नोएडा ( चेतना मंच )।** मतदान के दिन बूथों पर सभी सुविधाएं व कानून व्यवस्था मानकों के अनुरूप बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह एवं जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी गौतमबुद्धनगर मनीष कुमार वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से राजेंद्र इंटर कॉलेज बिलासपुर में पहुंचकर मतदान बूथों का निरीक्षण किया गया।

जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान पूर्व में बनाए गए बूथों की स्थिति के बारे में जानकारी ली। पुलिस आयुक्त एवं जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि बूथों पर आने-जाने वाले रास्ते जहां पर खराब है उसको ठीक कर लें एवं जनपद में जितने बूथ बनाए गए हैं वहां पर आने जाने वाले रास्ते एवं बूथों के अंदर प्रकाश आदि की व्यवस्था को पूर्व में ही सुनिश्चित करा लें।

उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित की गयी सभी सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि जिन मतदान कार्मिकों की ड्यूटी मतदान केन्द्रों व बूथों पर लगाई जाएगी उनके लिए भी बिजली, पानी आदि की समस्त सुविधाएं मुहैया कराई जाए। उन्होंने मतदान केन्द्रों व बूथों पर साइन बोर्ड, रैंप, बैरिकेडिंग आदि की व्यवस्था करने के लिए निर्देश दिये, ताकि आने वाले वोटरों को कोई समस्या ना हो।

पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने निरीक्षण के दौरान मतदेय स्थलों से संबंधित थानाध्यक्ष एवं चौकी इचांर्ज को निर्देश दिए कि मतदान से पूर्व अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बूथों के आसपास सभी कानून व्यवस्थाएं मानकों के अनुरूप बनाई रखी जाए ताकि मतदान के दौरान मतदान कार्मिकों एवं वोटरों को अपने बूथों पर आने में किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके बाद पुलिस कमिश्नर एवं जिला मजिस्ट्रेट पुलिस चेक पोस्ट चौकी मंडी श्याम नगर थाना दनकौर पर पहुंचे जहां पर उन्होंने पुलिस अधिकारियों को आने-जाने वाले वाहनों की चेकिंग आदि के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये।

# मोदी जी को फिर दें अपना आशीर्वाद व प्यार : डा. महेश शर्मा



**नोएडा ( चेतना मंच )।** डा. महेश शर्मा ने खुर्जा विधानसभा के गांव मोहम्मदपुर नार, शाहपुर कला, नगला रूमी, रामगढी, अहरौली, गंगथला, औरंगा, भादवा, मैना मौजपुर, मैना कलन्दरगढी, कलंदर गढी, मदनपुर, अरनिया मौजपुर, नयागंज में जनसंपर्क किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि सत्य प्रकाश सिंह, पूर्व विधायक विजेंद्र सिंह, खुर्जा समाजसेवी भगवान दास सिंघल, दिनेश चौधरी, वेद प्रकाश मलिक, मुकेश सोलंकी, नवीन प्रधान आदि उपस्थित रहे। विभिन्न ग्रामीण क्षेत्र में नार मोहम्मदपुर नगला रूमी रामगढ़ी शाहपुर अहरौली गंगथला औरंगा भादवा कलंदर गाढी अरनिया खुर्जा नगर आगमी कार्यक्रम देर रात तक होंगें। नार मोहम्मदपुर में आयोजित कार्यक्रमों के मुख्य आयोजक लाला प्रधान, बब्बू प्रधान बिजेंद्र प्रधान बिजेंद्र मास्टर जी चमन प्रधान। शाहपुर कला में रविंद्र प्रधान, दोस्त पाल। नगला रूमी में अजीत प्रधान, चमन चौधरी। रामगढ़ी में सुमित चौधरी अमित नागर समेत सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

भाजपा प्रत्याशी डा. शर्मा ने कहा कि आप सभी से मेरी अपील है कि 2024-लोकसभा चुनाव में मोदी जी को मजबूत करें और भाजपा को भारी मतों से विजयी बनायें।

# डबल इंजन सरकार ने विकास कार्यों की झड़ी लगाई



**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी गौतमबुद्ध नगर के दो बार लोकसभा क्षेत्र के सांसद व 2024 में तीसरी बार प्रत्याशी डा. महेश शर्मा के समर्थन में नोएडा विधानसभा के कनावनी गांव में कई जगह जनसंपर्क किया गया तथा 26 अप्रैल को डा. महेश शर्मा चुनाव चिह्न कमल के निषान के सामने वाले बटन को दबाकर अपना बहुमूल्य वोट देकर भाजपा को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की।

वरिष्ठ भाजपा नेता संजय बाली ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में इस क्षेत्र का विकास डबल इंजन की सरकार के द्वारा किया गया है कनावनी में भी विकास किया गया है। प्रधानमंत्री जी के विजन 400 पार को सफल बनाने के लिए आप सभी से अनुरोध है कि अधिक से अधिक नागरिक अपने वोट का प्रयोग करें। सांसद प्रतिनिधि संजय बाली द्वारा कनावनी गांव का का भम्रण किया गया। जिसमें चन्दगीराम यादव, मुक्तानन्द प्रधान, प्रमोद प्रजापति, बबलू यादव, देवेन्द्र शर्मा, राकेष शर्मा, रोहित ठाकुर, श्रृषिपाल, विपिन नागर, देसराज प्रधान, जिल्लेनागर, नरेन्द्र कसाना, डा. संजय सिंह, प्रदीप कुमार समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाजपा नेताओं ने किया सेक्टर-36 में जनसंपर्क



**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डा. महेश शर्मा के लिए भाजपा नेताओं ने सेक्टर-36 में प्रचार किया तथा वोट देने की अपील की।

इस मौके पर महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, जिला महामंत्री उमेश त्यागी, वरिष्ठ भाजपा नेता रविकांत मिश्रा, मंडल अध्यक्ष गोपाल गौड़ आदि कई कार्यकर्ता मौजूद थे।


**SAHARA BUILDER & PROPERTIES™**

ISO 9001:2008

**PROPERTIES AVAILABLEFORSALE IN GREATER NOIDA**

RESIDENTIAL

| S.No | Plot Size | House No./Block | Price | Other Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 300 Sq.mtr | C-291, Sigma - 02 | 92 Lakh | Completion, S/W |
| 2 | 200 Sq.mtr | G-660, Alpha - 02 | 1.25 Cr. | Completion,N/E & 18 MTR Road |
| 3 | 60 Sq.mtr | G-439, Gamma - 02 | 52 Lakh | Single Story, Corner(18X12),N/E |
| 4 | 1265 Sq.ft | Silver City - 02, PI-1 | 55 Lakh | 2+1 BHK Apartment |
| 5 | 29.76 Sq.ft | 3TF/Block-60, Sector - 10 | 9 Lakh | 1 BHK, Top Floor |
| 6 | 2450 Sq.ft | Royal Apartment(Duplex), Sigma - 04 | On Request | 4BHK, Low rise, Lift |
| 7 | 237 Sq.mtr | C-363, Sector - 03(EXTN) | 1.40 Cr. | 50% Completion, Corner, N/ W |
| 8 | 110 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 23000/Sq.Mtr. | Corner Plot |
| 9 | 131 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 23000/Sq.Mtr. | Corner Plot |
| 10 | 930 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 14000/Sq.Mtr. | Corner Plot |

COMMERCIAL

| S.No | Shop Size | Complex Address | Price | Other Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 29.5 Sq.mtr | Block - C, Alpha - 01 | 95 Lakh | G.Floor, Corner, N/E |
| 2 | 463 Sq.ft | NQI Plaza, Alpha - 01 | 95 Lakh | G.Floor, N/E |
| 3 | 19.5 Sq.mtr | Kadamba Shopping Complex, Gamma -01 | 40 Lakh | G.Floor, N/W |
| 4 | 8.15 Sq.mtr | Kiosk, P-3 | 22 Lakh | 24 Mtr Road, N/W |

CONTACT US :+919810441077, +919710441077

Add- Office No. 205, Sunrise Tower, Alpha 1 Commercial Belt, Gr.Noida, G.B.Nagar, U.P-2010308


# मनोज चौहान बने सपा के प्रदेश सचिव



**नोएडा ( चेतना मंच )।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति से सेक्टर-46 नोएडा जनपद गौतमबुद्धनगर के मनोज चौहान को समाजवादी पार्टी की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव नामित किया गया है।

मनोज चौहान ने धन्यवाद करते हुए लिखा 'परम आदरणीय समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव , व मा. प्रदेश अध्यक्ष जी का बहुत-बहुत शुक्रिया कि मुझे उत्तर प्रदेश कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव नामित करके जो सम्मान दिया उसके लिए मैं वह मेरा राजपूत समाज सदैव आपका आभारी रहेगा एवं नोएडा महानगर व ज़िला संगठन का भी आभार.सभी समाजवादी साथियों का हृदय की गहराइयों से धन्यवाद'।

# चुनाव में ऐतिहासिक बहुमत हासिल करेगी भाजपा : रामनिवास



**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के नोएडा महानगर के जिला अध्यक्ष रामनिवास यादव का कहना है कि इस बार भारतीय जनता पार्टी को लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीट मिलेगी। वहीं गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र में डॉ. महेश शर्मा ऐतिहासिक मतों से जीत हासिल करेंगे।

श्री यादव ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जो लोग कल्याणकारी योजनाएं चलाई गई है। इससे देश का हर नागरिक बहुत ही लाभान्वित हुआ है। वहीं उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किए गए विकास कार्य एवं जन कल्याणकारी कार्यों के कारण हर वर्ग, जाति व संप्रदाय का आशीर्वाद चुनाव में मिलना तय है।

उनका कहना है कि गौतमबुधनगर में भी पिछले 10 वर्षों में जितने विकास कार्य कराए गए हैं उतने आज तक आजादी के बाद कभी नहीं हुए हैं।

यही कारण है कि हर जाति धर्म तथा संप्रदाय के लोग समझ चुके हैं कि उनका हित सिर्फ भाजपा सरकार में ही है। यही कारण है कि इस बार भी भाजपा रिकार्ड मतों से जीतेगी।

# छात्रों को दिखाई वीर सावरकर की फिल्म



**नोएडा ( चेतना मंच )।** आरूणी संस्कार केंद्र ने भाऊराव देवरस सरस्वती विद्या मंदिर के बच्चों के लिए स्वतंत्र वीर वीर सावरकर फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग कराई बच्चों ने वार्ता में बताया कि रणदीप हुड्डा ने फिल्म में बहुत मेहनत की है और वीर सावरकर के चरित्र को जीया है और उन्होंने वीर सावरकर को बहुत नजदीक से समझा उनके बलिदान को जाना संस्कार केंद्र के संस्थापक मयंक हिंदू ने बताया की बच्चे वीर सावरकर को वीर क्यों कहते हैं यह समझे ब्रिटिश सरकार क्यों उनसे घबराती थीं। यह जान बलिदान को समझें और किसी भी नकारात्मक प्रचार को समझे और सत्यता को जाने इस उद्देश्य के साथ इस फिल्म का प्रदर्शन किया गया है।

बच्चों के मध्य कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता विजय शंकर तिवारी और मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के सनातनी मुस्लिम बंधु श्री फैज खान बलोच लिब्रेशन फ्रंट के मीर यार और सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता मणि मित्तल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।